दैनिक
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 16 | अंक 319 | सीकर, गुरूवार 15 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# मकर संक्रांति पर दिनभर दानपुण्य व पतंगबाजी और रात को आतिशबाजी

## पतंग लूटने के विवाद में युवक की हत्या
### चाइनीज मांझे से 7 महीने के बच्चे का गला कटा





जयपुर।

राजस्थान में मकर संक्रांति पर लोगों ने दिनभर पतंगबाजी की। इस दौरान ये काटा, वो काटा का शोर गूंजता रहा। इसके बाद शाम होते ही जमकर आतिशबाजी हुई। जयपुर में आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा।

भीलवाड़ा में पतंग लूटने के विवाद में युवक की हत्या कर दी। सिरोही में 7 महीने के बच्चे का चाइनीज मांझे से गला कट गया। बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। श्रीगंगानगर में पतंग लूटते समय पानी की डिग्गी में गिरे 8 साल के बच्चे की मौत हो गई।

पाली में पतंग उड़ाते समय 14 साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। वहीं बांसवाड़ा में भी बाइक सवार युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई। घाव गहरा होने के कारण उसे 10 टांके लगाए गए हैं। जयपुर में काइट फेस्टिवल-2026 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी यहां उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के साथ पतंगबाजी की। विधायक बाल मुकुंदाचार्य उनकी चरखी पकड़े नजर आए। भाजपा के हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने परिवार के सदस्यों के साथ पतंग उड़ाई। कोटा में मकर संक्रांति पर बंगाली समाज ने परंपरानुसार मगरमच्छ की पूजा की।

### खेला ऐतिहासिक दड़ा, सामान्य बारिश के संकेत

टोंक के आवां कस्बे में ऐतिहासिक दड़ा खेला गया। यह खेल 80 किलो की फुटबॉल से खेला गया। खेल में कस्बे के दो गेट पर दो गोलपोस्ट होते हैं। मान्यता के अनुसार अगर गेंद अखनिया गेट की ओर जाए तो प्रदेश में अकाल पड़ने की संभावना होती है। गेंद दूनी दरवाजे की तरफ जाए तो सुकाल पड़ता है। अच्छी बारिश होती है। करीब ढाई घंटे खेल चलने के बाद गेंद गढ़ (चौक) में ही रही। ऐसे में यह साल सामान्य रहने के आसार हैं।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने जयपुर में पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति उत्सव का उद्घाटन किया

मकर संक्रांति के मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज बुधवार को जलमहल की पाल पर पतंग उड़ाकर 'पतंग उत्सव' का उद्घाटन किया। मकर संक्रांति की शुभकामनाओं के साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्य देव के उत्तरायण होने का यह शुभ अवसर आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार करे, यही मंगल कामना है। 'पतंग उत्सव' के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर आयोजित पतंग प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने लोक कलाकारों से बातचीत की और राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में उनके योगदान के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। 'पतंग उत्सव' जैसे आयोजन लोक संस्कृति को मजबूत करते हैं, रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं, और पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सीएम भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जयपुर के जलमहल की पाल पर आयोजित पतंग उत्सव का पतंग उड़ाकर शुभारंभ किया। पतंगों का यह उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति और शाश्वत परंपराओं का प्रतीक है, जिसने पीढ़ी दर पीढ़ी हमें जोड़ रखा है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, मुख्यमंत्री निवास पर




मकर संक्रांति का पावन पर्व उल्लास और पारंपरिक उमंग के साथ मनाया, जहां पतंगों से सजा आकाश उत्सव की खुशियों का साक्षी बना। सूर्य देव के उत्तरायण होने का यह शुभ अवसर आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार करे, यही मंगल कामना है। उनके निर्देश पर, इस साल पतंग उत्सव राज्य के सभी सात संभागीय मुख्यालयों के साथ-साथ जैसलमेर और माउंट आबू में भी आयोजित किया जा रहा है। जलमहल की पाल पर रंग-बिरंगी पतंगों, पारंपरिक उत्सवों और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का एक जीवंत संगम देखने को मिला।

## सीएम धामी ने काटिमा को दी 33 करोड़ की सौगात
### हाईटेक बस स्टेशन का किया लोकार्पण

नई दिल्ली



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को खाटीमा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए 33 करोड़ 36 लाख 49 हजार रुपये की नौ विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। इन परियोजनाओं में जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 11 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित नवनिर्मित हाई-टेक महाराणा प्रताप बस स्टेशन भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नानकमाट्टा स्थित बालाजी मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। नानकमाट्टा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत, खाटीमा में लोहिया पुल के पास स्थित ब्रह्मदेव मंदिर में सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य किया जाएगा। देवभूमि धर्मशाला में कमरे, एक हॉल और सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। बयान में आगे कहा गया है कि सोनूखरी-किशनपुर-बरकीदंडी-कैथुला-टुकड़ी सड़क को हॉट-मिक्स सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हाई-टेक महाराणा प्रताप बस स्टेशन का उद्घाटन किया; वार्ड 7 और 8 में 48.45 लाख रुपये की लागत से निर्मित पेयजल ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन कार्यों का भी उद्घाटन किया; नानकमाट्टा विधानसभा क्षेत्र में 490.21 लाख रुपये की लागत से निर्मित राजस्व निरीक्षकों और उप-निरीक्षकों के आवासीय भवनों का भी उद्घाटन किया; उप-निरीक्षकों के कार्यालय भवनों का 359.91 लाख रुपये की लागत से निर्माण किया गया; और खाटीमा के मझोला गांव में स्थित झील से पोलिगंज की ओर जाने वाली जल निकासी निर्माण कार्यों का भी उद्घाटन किया गया, जिसकी लागत 225.62 लाख रुपये है।

## राजस्थान में बारिश का अलर्ट
### दिन का तापमान बढ़ा, सर्दी से मिली राहत; 4 दिन बाद फिर बदलेगा मौसम



जयपुर।

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी से अब राहत शुरू हो गई। 15 जनवरी से प्रदेश में मौसम साफ रहेगा और शीतलहर से लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार 19 जनवरी से प्रदेश में एक बार फिर से मौसम में बदलेगा। कई इलाकों में बारिश की भी संभावना है। वहीं उत्तरी हवा कमजोर होने और दिन में तेज धूप से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। दिन में कोल्ड-डे जैसी स्थिति खत्म हो गई। सुबह-शाम की गलनभरी तेज सर्दी से भी थोड़ी राहत मिली।

### अलवर में फिर जमीं ओस की बूंदें

बुधवार सुबह करीब 8 बजे तक अलवर शहर और आसपास के क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया। विजिबिलिटी करीब 300 मीटर दर्ज की गई। फसलों पर अब भी ओस की बूंदें जम गई थी।

बुधवार सुबह शीतलहर और बर्फीली हवा का असर कुछ कम रहा। सुबह के समय घरों के बाहर खड़े वाहनों के शीशों पर भी ओस की परत जम गई।

### अधिकतम तापमान 27 डिग्री तक पहुंचा

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राजस्थान के सभी शहरों में आसमान साफ रहा, दिन में तेज धूप रही। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों को छोड़कर शेष सभी शहरों में मंगलवार दिन का अधिकतम तापमान 20 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। उत्तरी हवा कमजोर पड़ने से शेखावाटी एरिया में भी दिन की सर्दी में कमी आई और यहां तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई। सीकर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस, फतेहपुर में 24.2 डिग्री दर्ज हुआ।

## इंडियन नेवी का जहाज 'कौंडिन्य' भारत से ओमान पहुंचा
### 2000 साल पुरानी तकनीक से बना: ना कमरे, ना बिजली, टीम ने 18 दिन खिचड़ी खाकर बिताए

नई दिल्ली।

इंडियन नेवी का 2000 साल पुरानी पाल विधि से निर्मित जहाज आईएनएसवी कौंडिन्य बुधवार को 18 दिनों की यात्रा पूरी कर गुजरात से ओमान पहुंच गया। कौंडिन्य ने 29 दिसंबर को गुजरात के पोरबंदर से यात्रा शुरू की थी और 14 जनवरी को ओमान के मस्कट पहुंचा। इस यात्रा का मकसद भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को फिर से पुनर्जीवित करना है। यह जहाज 4थी-5वीं शताब्दी के भारतीय जहाजों के मॉडल पर बना है। बिना कील या धातु के लकड़ी के तख्तों को रस्सियों से सिलकर तैयार किया गया।

इस पर कोई कमरा नहीं है। क्रू मेंबर्स स्लीपिंग बैग में सोते थे। वहां बिजली की भी व्यवस्था नहीं थी। अन्य जहाजों को चेतावनी देने के लिए क्रू के पास सिर्फ हेडलैंप्स थे, जो अपने सिर पर लगाकर रखते थे। क्रू मेंबर्स ने 18 दिन खिचड़ी और अचार खाकर बिताए।

### क्रू मेंबर बोले- गुड मॉर्निंग इंडिया, मस्कट दिख गया

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर शिप के ओमान पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने स्किपर कमांडर विकास श्योराण और प्रोजेक्ट हेड हेमंत कुमार के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए ट्वीटर पर लिखा- इस पल का आनंद ले रहे हैंज हमने कर दिखाया। जहाज के एक अन्य क्रू सदस्य हेमंत ने पोस्ट किया- लैंड अहॉय! मस्कट दिख गया। गुड मॉर्निंग इंडिया, गुड मॉर्निंग ओमान। समुद्री मार्ग से बिना रुके अकेले विश्व का चक्कर लगाने वाले पहले भारतीय, रिटायर्ड नौसेना कमांडर अभिलाष टॉमी ने भी कौंडिन्य की टीम को बधाई दी।



## ईरान में हालात बिगड़े, भारतीयों को तुरंत निकलने की सलाह
### प्रदर्शनकारी को सरेआम फांसी मिलेगी

तेहरान/वॉशिंगटन।



ईरान में हिंसक प्रदर्शन की वजह से भारत सरकार ने बुधवार को नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। इस एडवाइजरी में कहा गया है कि यह सलाह 5 जनवरी की पिछली एडवाइजरी के आगे की कड़ी है और ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए दी गई है। सरकार ने यह भी दोहराया है कि सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहना चाहिए। ईरान में मौजूद भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखें ताकि किसी भी नई जानकारी से अवगत रहें।

## 2-जिलों का भूगोल बदलने के विरोध में कांग्रेस की रैली : डोटासरा बोले- परिसीमन-एसआईआर के नाम पर दादागिरी कर रहे; नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक रहा डायवर्ट

**बाड़मेर।**

बाड़मेर और बालोतरा जिलों का भूगोल बदलने के विरोध में कांग्रेस ने जन आक्रोश रैली निकाली। धोरीमन्ना में आयोजित रैली में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रैली के कारण बाड़मेर-सांचौर नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। जन आक्रोश रैली के दौरान एक एम्बुलेंस भीड़ में फंस गई। इस पर वहां मौजूद लोगों ने जगह देकर एम्बुलेंस को निकाला। दोनों जिलों का भूगोल बदलने के विरोध में धोरीमन्ना में पिछले 11 दिनों से कांग्रेस के कद्दावर नेता हेमाराम चौधरी धरने पर बैठे थे। कांग्रेस नेताओं की अपील पर उन्होंने धरना खत्म कर दिया।

**डोटासरा बोले- तानाशाहों के सामने झुकने की आवश्यकता नहीं**-डोटासरा ने कहा- पंचायत और निकाय चुनाव आ रहे हैं, इन बहरूपियों के मोरिया बुला देना। बीजेपी का मोरिया बुलाना है। ये तानाशाह लोग हैं, परिसीमन और एसआईआर के नाम पर दादागिरी कर रहे हैं। परसों अमित शाह आए तो भाजपा नेताओं को धमकाते रहे। डोटासरा ने कहा- इन तानाशाहों के सामने झुकने की आवश्यकता नहीं है। हमें डरना नहीं है, मन की लड़ाई लड़नी है। धरने से कुछ नहीं होगा, इनके जहां भी मौके पड़े, वहां मोरिया बुलाने की जरूरत है। ये लड़ाई गुड़ामालानी और धोरीमन्ना की नहीं, पूरे प्रदेश की लड़ाई है।

**जूली बोले- पर्ची के चक्कर में कुर्सी चली जाएगी**-नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले- इस पर्ची के चक्कर में मत रहिए। पर्ची के चक्कर में कुर्सी चली जाएगी। आने वाले समय में राजस्थान की जनता इलाज करने का काम करेगी। इन्होंने अपने उद्योगपति मित्रों को बाड़मेर और जैसलमेर में केवल जमीन देने का काम किया है।





**पायलट बोले- 35 महीने में कांग्रेस का राज आने वाला है**-सचिन पायलट ने कहा- जब हमारी सरकार में पंचायतों का परिसीमन हो रहा था, तब हेमाराम चौधरी ने 500 आबादी का सुझाव दिया। हम लोगों को जोड़ना चाहते हैं। आज ये आपके लिए लड़ रहे हैं। पायलट ने कहा- 35 महीने में राजस्थान में कांग्रेस का राज आने वाला है। विधानसभा में भी इस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाएंगे।

### कोबरी-सार



# साध्वी कान कंवर ने लिया तिविहार संथारा



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** आचार्य श्री महाश्रमण जी की आज्ञानुवर्ती शासन श्री साध्वी कान कंवर जी ने 98 वर्ष की अवस्था में तिविहार संथारे का प्रत्याख्यान किया। यह प्रत्याख्यान 13 जनवरी को सुबह 9:51 बजे शासन गौरव साध्वी राजीमतीजी ने गुरु आज्ञा से संपन्न कराया। इस दौरान श्रावक-श्राविकाएं और समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### तेरापंथ धर्मसंघ में सबसे वरिष्ठ हैं

इन्द्रचंद बैद कवि ने बताया कि तेरापंथ धर्मसंघ मे साध्वी कान कंवर जी वर्तमान में आयु और दीक्षा दोनों में सबसे वरिष्ठ हैं। उनकी चौविहार संथारे की भावना है और पिछले तीन दिनों से उनकी संलेखना चौविहार उपवास के साथ चल रही थी। उन्हें अनासक्त जीवन जीने वाली साध्वी के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर अखंड जाप जारी है, जिसमें श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। तेरापंथ सभा अध्यक्ष शुभकरण चोरड़िया, महिला मंडल अध्यक्षा प्रीति मरोठीए तेयुप अध्यक्ष निर्मल चौपड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। स्थानीय और बाहर से बड़ी संख्या में लोग साध्वी जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

### क्या होता है संथारा

जैन धर्म में सबसे पुरानी प्रथा मानी जाती है संथारा प्रथा संलेखना। जैन समाज में इस तरह से देह त्यागने को बहुत पवित्र कार्य माना जाता है। इसमें जब व्यक्ति को लगता है कि उसकी मृत्यु निकट है तो वह खुद को एक कमरे में बंद कर खाना-पीना त्याग देता है। जैन शास्त्रों में इस तरह की मृत्यु को समाधिमरण, पंडितमरण अथवा संथारा भी कहा जाता है।

### इसलिए ये प्रथा जैन समाज की सबसे पवित्र

जैन धर्म के अनुसार आखिरी समय में किसी के भी प्रति बुरी भावनाएं नहीं रखीं जाएं। यदि किसी से कोई बुराई जीवन में रही भी हो, तो उसे माफकरके अच्छे विचारों और संस्कारों को मन में स्थान दिया जाता है। संथारा लेने वाला व्यक्ति भी हलके मन से खुश होकर अपनी अंतिम यात्रा को सफल कर सकेगा और समाज में भी बैर बुराई से होने वाले बुरे प्रभाव कम होंगे। इससे राष्ट्र के विकास में स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। इसलिए इसे इस धर्म में एक वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक विधि माना गया है।

# मकर संक्रांति पर सेवा और समरसता की मिसाल बना लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट खेतड़ी इकाई ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बंजारा बस्ती की कच्ची झुग्गी-झोपड़ियों में पहुँचकर सेवा भाव के साथ त्योहार मनाया। ट्रस्ट की ओर से बस्ती के लोगों को तिल के लड्डू बनाकर वितरित किए गए और सभी के साथ मिलकर पर्व की खुशियाँ साझा की गईं। एडवोकेट संजय सुरोलिया जी ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व दान, पुण्य और सामाजिक सहयोग का संदेश देता है। वहीं ट्रस्ट के तहसील प्रभारी मुकेश जी ने बताया कि लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट का विज़न हर पर्व को मानवता, सेवा और समानता के भाव के साथ मनाने का है, ताकि समाज के वंचित वर्ग भी उत्सव की खुशियाँ महसूस कर सकें।



कार्यक्रम में ट्रस्ट के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया। ट्रस्ट की इस पहल से यह संदेश गया कि सच्ची मकर संक्रांति वही है, जिसमें जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाई जाए। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बंजारा बस्ती की कच्ची झुग्गी-झोपड़ियों में पहुँचकर सेवा भाव के साथ त्योहार मनाया।

ट्रस्ट की ओर से बस्ती के लोगों को तिल के लड्डू बनाकर वितरित किए गए और सभी के साथ मिलकर पर्व की खुशियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर एडवोकेट संजय सुरोलिया ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व दान, पुण्य और सामाजिक सहयोग का संदेश देता है। वहीं ट्रस्ट के तहसील प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट का विजन हर पर्व को मानवता, सेवा और समानता के भाव के साथ मनाने का है, ताकि समाज के वंचित वर्ग भी उत्सव की खुशियाँ महसूस कर सकें। कार्यक्रम में ट्रस्ट के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया। ट्रस्ट की इस पहल से यह संदेश गया कि सच्ची मकर संक्रांति वही है, जिसमें जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाई जाए।

## कंबल व स्वेटर वितरण कार्यक्रम कल

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे की सामाजिक संस्था राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति की ओर से भामाशाह ईश्वर चंद्र अग्रवाल, प्रदीप कुंडलिया के आर्थिक सौजन्य से 16 जनवरी को दोपहर 2 बजे श्रीनाथ नगर गौशाला में कस्बे के जरूरतमंद परिवार जनों को उच्च क्वालिटी के कंबल एवं स्वेटर वितरित किए जाएंगे। राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति के भजन लाल पारीक ने बताया पात्र व्यक्तियों को कूपन वितरित किए गए हैं कूपन के माध्यम से जरूरतमंद परिवार जनों को स्वेटर एवं कंबल दिए जाएंगे आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

## जलेबी व पौष बड़े का प्रसाद खिलाया



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर बुधवार को कस्बे के गढ़ चोक में लक्ष्मीनाथ मंदिर के आगे पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर सुबह से लेकर शाम तक राहगीरों व लोगों को गर्मा-गर्म जलेबी व पौष बड़े का प्रसाद खिलाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता महावीर पूनिया, वासुदेव शर्मा, अमरसिंह चारण, देवकीनन्दन सैनी, सुरेंद्र नाई, पवन जैन, राकेश शर्मा, गजानंद जांगिड़, संदीप राठौड़, नानूराम चोटिया, हमीद खान, सुल्तान भाकर, अशोक जांगिढ़, रामलाल पूजारी आदि अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे।

## सहयोग एक पहल संस्थान ने किया दान-पुण्य

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कस्बे में दान-पुण्य और सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सहयोग एक पहल संस्थान की ओर से बुहाना मोड़ पर राहगीरों के लिए विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के तहत सुबह से ही आने-जाने वाले यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को गरम-गरम पकौड़ी नाश्ता वितरित किया गया। सेवाभाव से प्रेरित इस कार्यक्रम में टीम डी.पी. सैनी, डॉ. ईश्वर सिंह, शीशराम ठेकेदार, रामनिवास हलवाई, वेदप्रकाश ठेकेदार एवं इकबाल खान का विशेष सहयोग रहा। सभी सहयोगियों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे कार्यक्रम सुचारु



रूप से सम्पन्न हुआ। संस्थान अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने बताया कि मकर संक्रांति जैसे पर्व समाज में आपसी सहयोग, समर्पण और मानव सेवा का संदेश देते हैं। इस अवसर पर राहगीरों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। संस्थान ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। आज के इस कार्यक्रम में सहयोग एक पहल संस्थान के अध्यक्ष डी.पी. सैनी, महासचिव अजीत जांगिड़, कोषाध्यक्ष सियाराम शर्मा, संगठन महामंत्री इकबाल खान, संरक्षक विक्रम सैनी, संस्थापक सदस्य ईश्वर सिंह, रामनिवास हलवाई, उपाध्यक्ष शीशराम ठेकेदार, सचिव रफीक खान, कपिल सैनी, वेदप्रकाश ठेकेदार, मीडिया प्रभारी रणजीत सैनी, प्रचार मंत्री राजू गराटी, बनवारीलाल गुरुजी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडीया सहित रविचंद सैनी, कुमाराम शर्मा, अमरसिंह सैनी, डॉ. सुरेंद्र सैनी, विशाल भोदन, रामजीलाल सैनी, विवेक सैनी, रमेश फौजी, अर्जुन सैनी, सुनील ई-मित्र, हवासिंह चौधरी, हिमांशु, प्रिंस पटवारी, सुनील दत्त गुरुजी, अशोक शर्मा, भूपसिंह यादव, आकाश, महेश सैनी, अभिषेक सैनी, आशिफ खान, इरशाद अहमद, बनवारीलाल ठेकेदार, बबलू फागणा, गणेशाराम सैनी, रामप्रसाद, अनुज ई-मित्र, ऋषि सैनी, अमन जांगिड़, अजय जांगिड़, अरविंद सैनी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर की गौ सेवा



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद की कामधेनु गौशाला में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर कोलकाता प्रवासी चूरू निवासी शिखा विवेक खेमका की ओर से गौ सेवा की गई। महेश भूत, अशोक भूत ने बताया गायों को गुड हरा चारा, गुड़ एवं दलिया खिलाकर गौसेवा की गई। मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए दिन भर दान पुण्य का दौर चला गौशाला मे बड़ी संख्या मे गौ भक्तो ने गायों को हरा चाराए दलिया एवं गुड़ खिलाकर गौ सेवा की । गौ शाला में मेला जैसा माहौल नजर आया। इस अवसर पर अजय मिश्रा, जितेंद्र सैनी, अनिल अग्रवाल, भंवरलाल सैनी, गोविंद स्वामी, मनोज स्वामी, रामावतार सेन कमल शर्मा, रविकांत जांगिड़, दीपक जांगिड़ विजय जांगिड़ मौजूद रहे।

## एस एस मोदी में एआई हैकाथॉन आज से

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में 15 जनवरी से चार दिवसीय एक विशेष एआई हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कोग्रेड की टीम विद्यालय के सौ से अधिक विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के क्षेत्र में गहन प्रशिक्षण प्रदान करेगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 जनवरी 2026 तक चलेगा। हैकाथॉन का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, विशेषकर एआई की बुनियादी और व्यावहारिक समझ देना है, ताकि वे भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। विद्यालय में विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान एवं नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु एआई हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को एआई के विभिन्न पहलुओं जैसे मशीन लर्निंग, डेटा एनालिसिस, सामाजिक, शैक्षिक एवं पर्यावरण संबंधी समस्या समाधान और नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मक सोच, तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें बच्चे टीम बनाकर एआई आधारित समाधान प्रस्तुत करेंगे। वहीं कोग्रेड की टीम के विशेषज्ञों ने बताया कि एआई हैकाथॉन के माध्यम से छात्रों को सीखने के साथ.साथ वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने का अनुभव भी मिलेगा। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे विद्यार्थियों को भविष्य में उच्च शिक्षा एवं करियर के नए अवसर प्राप्त होंगे। हैकाथॉन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने एआई हैकाथॉन के आयोजन पर शुभकामना संदेश प्रेषित किया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर मुक्तिधाम में किया श्रमदान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** हर वर्ष की भांति बुधवार को भी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर तारानगर शहर के वार्ड 02 स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में वार्डवासियों की ओर से साफसफाई कर श्रमदान किया गया। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ सार्वजनिक मुक्तिधाम पहुंचकर वार्डवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी व इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जगदीश सैनी, लालचंद जांगिड, किशनसिंह राठौड़, पंडित मोतीलाल व्यास, रामचंद्र छाबड़ा, राजेंद्र जांगिड, हरि प्रजापत, शुभकरण टाक, महावीर नाई, गजानंद जांगिड, ओमप्रकाश जांगिड, लालचंद, जीवनसिंह राठौड़, कमल छाबड़ा, संपत सैनी, प्रकाश छाबड़ा, पंकज जांगिड, छगन जांगिड, सुरेंद्र करनावत, सोहन गुरी, सांवरमल नाई, हेमंत व्यास, नथू चुईल, हनुमान, रामलाल, सुनील, रणजीत, बाबूलाल, वीरेंद्र सिंह सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई सीकर द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व जिला चेयरमैन अमित चिरानिया के नेतृत्व में सांवरिया सेठ, श्री सोमलाई गो सेवा समिति में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौमाताओं को हरे चारे एवं गुड़ का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गौमाता की सेवा के माध्यम से धार्मिक, सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। मकर संक्रांति जैसे पावन अवसर पर गौमाताओं की सेवा कर उपस्थितजनों ने धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल तोदी, जिला महामंत्री मणि शंकर खेतान, योगेश गुप्ता, सज्जन पटवारी, संतोष पटवारी, महेंद्र तोदी, महेंद्र जालान, शिशिर मूंदड़ा, विपिन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, नंदकिशोर काबरा, श्री सोमलाई गौ सेवा समिति के अध्यक्ष गौरी शंकर बजाज, सांवरमल हाजरीका, महावीर प्रसाद अग्रवाल, रवि शंकर मिश्रा, पवन कचोलिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज से इस प्रकार के पुण्य एवं सेवा कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया।

## मकर सक्रांति पर नन्दियों के लिए लापसी की सवामणी बनाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड़ पर स्थित नन्दीशाला नोखा में माघ व मळ मास में मकर सक्रांति के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में आज लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई। सिमिति सचिव निर्मल कुमार भूरा ने बताया कि इस मौके पर आज 41 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग-अलग दानदाताओं द्वारा किया गया। इस मौके पर नन्दीसेवको द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ व चापड़ नन्दियों को खिलाया गया। मकर सक्रांति के पावन अवसर पर आज नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग-अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुवा। इस अवसर पर निराश्रित गोवंश सिमिति के अंकित तोषनीवाल द्वारा सभी भामाशाहो का आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर सिमिति सचिव निर्मल कुमार भूरा, पार्षद अंकित तोषनीवाल, पार्षद सन्तोष देवी झंवर, मोहनलाल सुथार, जुगलकिशोर झंवर, मूलचंद तिवाड़ी, ओमप्रकाश खीचड़, राजू रांका, ओमप्रकाश पारीक, प्रेमचन्द बजाज, विजय सोनी व मातृ शक्ति और नन्दी सेवक उपस्थित रहे। वही दूसरी और सामाजिक संगठन जन अधिकार सेना के जन सेवकों द्वारा गौ सेवा कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी के तहत आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दीपक शर्मा के आर्थिक सहयोग से जनसेवकों के द्वारा सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को नोखा शहर के चोक चौराहे एवं दावा गांव में निराश्रित विचरण कर रहे गौवंश को लापसी बनाकर खिलाई। कानाराम शर्मा ने कहा कि गौ सेवा ही संसार में सबसे बड़ा सेवा का कार्य है । इस अवसर पर जन अधिकार सैना के प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, दावा ग्राम अध्यक्ष रणजीत सिंह, पण्डित राधेश्याम शर्मा झंवरीलाल सारस्वत, स्वरूप एदमाराम, रिछपाल सिंह, विजयलक्ष्मी, ममता, सुनीता, जीनु सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शव मिलने से सनसनी फैली

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के रामचन्द्र पार्क के पास बुधवार सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर 108 मौके पर पहुंची तथा शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। अस्पताल प्रशासन ने घटना से पुलिस को अवगत करवाया, जिस पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त की। पुलिस ने बताया कि मृतक चूरू तहसील के गांव पिथिसर निवासी लालचंद सुथार है, जो शहर में हुडेरा फांटा के पास स्थित एक बेल्डिंग कारखाने में काम करता था। मृतक की मौत कैसे हुई तथा वह रामचंद्र पार्क के पास कैसे पहुंचा, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मांदरी की राउमावि में मंगलवार को जरूरत मंद बच्चों सर्दी को देखते हुए स्वेटर वितरण किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं शिक्षाविद् शेर सिंह कृष्णिया थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने की। अशोक कुमार ने बताया कि ने बताया कि भामाशाह भोमाराम, एमडी एपेक्स बैंक, सुनीता देवी ने सर्दी के मौसम को देखते हुए विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर स्कूल स्टॉफ एवं बच्चे मौजूद थे।

## संयम से संभव नव प्रभात 2026 थीम पर आधारित नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** संयम से संभव नव प्रभात 2026 इस थीम पर आधारित नव वर्ष के कैलेंडर का विमोचन आज शासन गौरव साध्वी राजीमती के सानिध्य में मंगलाचरण के साथ तेरापंथ भवन जैन चौक में किया गया। नये वर्ष 2026 के कैलेंडर में संयम से जीवन, प्रदूषण रोकथाम, पर्यावरण, ग्लोबल वार्मिंग, नशा खोरी से बचाव, सभ्य समाज की संरचना, संयमित जीवन शैली, विज्ञान बने वरदान, एवं डिजिटल नशे से बचने के उपाय जैसे विषयों पर प्रत्येक माह के कवर पर चित्र सहित प्रेरक संदेश दिए गए हैं। कैलेंडर आकर्षक एवं बड़े साइज का है। अणुव्रत अनुशास्ता



आचार्यश्री महाश्रमण का प्रेरक अणुव्रत शांति संदेश के कारण कलेंडर और भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विमोचन के समय शुभकरण चौरडिया, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास, उपाध्यक्ष हंसराज भूरा, मंत्री मनोज घीया, कोषाध्यक्ष हरिकिशन शर्मा, भावना मरोठी, दिनेश उपाध्याय उपस्थित थे।

## सफल होने के लिए सोशल मीडिया व नशे से दूरी बनाये रखें युवा : राठौड़

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय महिला महाविद्यालय, तारानगर में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पराक्रम सिंह राठौड



ने युवा जीवन में छात्राओं को सोशल मीडिया व नशे-धूम्रपान आदि से दुरी बनाये रखने की बात कही। समारोह में राठौड़ ने स्वयं के खर्च से महाविद्यालय में सीसीटीवी कैमरे व कम्प्यूटर लैब निर्माण व छात्राओं की सुरक्षा हेतु नियमित पुलिस गश्त जारी करवाने की घोषणा की। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य हीरालाल ने की। संचालन डॉ. मोहनलाल, डॉ. अंकिता व अरशद हुसैन जाफरी ने किया। समारोह में सीबीईओ बबलेश शर्मा, वीरबहादुर सिंह राठौड़, चुन्नीलाल सैनी सहित महाविद्यालय स्टाफ व अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

# 109 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनडा में 109 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई। प्रेरक सुरेश कुमार बेनीवाल ने बताया कि तारानगर के कपड़ा व्यापारी नरेन्द्र चाचाण की प्रेरणा से नरेश कुमार कन्दोई तारानगर हाल निवासी बीकानेर ने 58 विद्यार्थियों व समाजसेवी सरिता सरावगी धर्मपत्नी महेन्द्र सरावगी तारानगर हाल रायपुर निवासी ने 51 विद्यार्थियों को स्वेटर वित्तरित की। प्राचार्य तारा देवी बुनकर ने दोनों समाजसेवियों का आभार प्रकट किया। मंच संचालन मंगल सिंह कड़वासरा ने किया।

# एक सप्ताह बाद शहर की सड़कें हुई रोशन

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** विधुत वितरण निगम द्वारा नगरपालिका की स्ट्रीट लाइट के कनैक्शन काटने के करीब एक सप्ताह बाद लोसल की सड़कें फिर रोशनी से रोशन हुई है। विधुत निगम के नगरपालिका स्ट्रीट लाइटो का करीब एक करोड़ रुपए बकाया चल रहा है । कनैक्शन काटे जाने पर शहर की सड़कों पर अंधेरा पसरा रहा जिसकी वजह से राहगीरों को काफी परेशानी हुई । कनैक्शन काटे जाने के बाद बंद पडी लाइटें मंगलवार को चालू हुई सात दिन तक लोसल की सड़कों पर अंधेरा छाया हुआ रहा। इसके बाद नगरपालिका प्रशासन द्वारा भुगतान जमा कराने की कारवाई की। विधुत निगम के कनिष्ठ अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि नगरपालिका की और से बकाया भुगतान में से दस लाख रुपए की राशि जमा करवाई गई है और बाकी भुगतान अगले महीने बजट आते ही कर दिया जाएगा। निगम द्वारा स्ट्रीट लाइटें के कनैक्शन काटे जाने पर यहां पर नया मोड़ लेता दिखा। निगम कार्यालय के मुख्य दरवाजे सामने तीन ट्राली कचरा और मृत पशु डाल दिए गए। निगम कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन ने बदले की भावना से काम किया। कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि बार बार बकाया बिल को लेकर नोटिस देने के बाद भी बिल जमा नहीं कराने पर कनैक्शन काटे गए थे। नगरपालिका ईयो ममता चौधरी ने बताया कि बदला जैसी कोई बात नहीं है कचरा किसने डाला इसकी जानकारी नहीं है।

# कच्ची बस्ती में मनाया मकर संक्रांति पर्व



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट प्रभारी राजीव मंगलहारा ने बताया कि मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बंजारा बस्ती की कच्ची झुग्गी-झोपड़ियों में पहुँचकर सेवा भाव के साथ त्योहार मनाया। ट्रस्ट की ओर से बस्ती के लोगों को तिल के लड्डू, जलेबी, घेवर, पतंग, धागा वितरित किए गए और सभी के साथ मिलकर पर्व की खुशियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व दानए पुण्य और सामाजिक सहयोग का संदेश देता है।

लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट का विजन हर पर्व को मानवताए सेवा और समानता के भाव के साथ मनाने का है ट्रस्ट के कार्यकर्ता हर त्यौहार कच्ची बस्ती के लोगों के साथ मनाता आ रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश पारीक, अनूप पीपलवा, परमेश्वर प्रजापत, रामजी ठेकेदार, भुवनेश्वर शर्मा सहित अनेक लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों में दिखा पतंगबाजी को लेकर जोश

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** वो काटा वो मारा की गूंज छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक और बालिकाओं व महिलाओं तक ने बुधवार को जमकर पतंगबाजी का आनंद लिया। मौका था मकरसक्रांति पर्व का। पूरा चिड़ावा शहर दिनभर छतों पर नजर आया। युवा एक दूसरे की पतंग काटकर जोश में नारेबाजी करते रहे। वहीं छतों पर डीजे की धुन पर लोगों ने खूब डांस भी किया। वहीं कोमेंट्री भी साथ ही चलती रही। दिनभर मधुर संगीत छतों पर बजता रहा। लोगों ने मीठे पकवान और भोजन का स्वाद भी छतों पर ही चखा। युवतियां और महिलाएं भी पीछे नहीं रही। वे भी ग्रुप बनाकर पतंगबाजी का आनंद लेती नजर आई।

# आज का युवा राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : सिंह

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद जयपुर प्रांत की झुंझुनू जिला इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के निमित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आज का युवा एवं राष्ट्र निर्माण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन न्यू राजस्थान बालिका पी जी महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ झुंझुनू के जिला प्रचारक भगतसिंह, मुख्य वक्ता अखिल भारतीय राज्य विश्वविधालय सयोजक भारत भूषण यादव, एबीवीपी नगर मंत्री रोहित गुर्जर, विभाग प्रमुख प्रमेन्द्र, जिला प्रमुख सत्यनारायण शर्मा, महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन जानू उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मुख्यअतिथि भगतसिंह ने उपस्थित युवा शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी विचार एवं उनकी शिक्षा, युवाओं में कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित करती रही हैं और युगों युगों तक प्रेरित करती रहेगी। साथ ही सिंह ने बताया कि जब भी स्वामी विवेकानंद को याद किया जाता हैं तो उनके द्वारा अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिया गया, वो ऐतिहासिक उद्बोधन का स्मरण करने पर हम सबके मन मस्तिष्क में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। स्वामीजी के इसी ऐतिहासिक उद्बोधन ने ही पूरे विश्व को भारत के हिंदुत्व, आध्यात्मिक ज्ञान और महान दर्शन से रूबरू कराया। साथ ही उपस्थित समस्त युवा तरूणाई को अपने स्वय पर विश्वास करते हुए जीवन में अपने द्वारा निर्धारित महानतम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ सिंह ने युवाओं को पंच परिवर्तन यथा-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य के मंत्र को अपने जीवन के साथ -साथ, परिवार-समाज में आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्यवक्ता भारत भूषण यादव ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवाओं को आह्वान करते हुए उनके व्यक्तिव से शिक्षा लेते हुए अपने जीवन एवं समाज और राष्ट्र में परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि स्वामी विवेकानंद का वीरों एवं शहीदों की भूमि झुंझुनू के खेतड़ी से गहरा संबंध रहा है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन से हमे आत्मविश्वास, आत्म-सुधार, दूसरों की सेवा और सार्वभौमिक भाईचारे की भावना जैसे गुणों को हमारे स्वय के जीवन अपनाने की शिक्षा मिलती है। एबीवीपी के नगर मंत्री रोहित गुर्जर ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज कैंपस में विद्यार्थीयों की समस्याओं को दूर करने के साथ साथ समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान देते हुए राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थीयों से अभाविप से जुड़कर राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्राचार्या सुमन जानू ने अभाविप का आभार जाते हुए विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्श वाक्य उठो, जागो एवं लक्ष्य प्राप्ति तक संघर्ष जारी रखो के संदेश को ध्यान रखते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन मेहनत करने का आह्वान किया।

# नानी बाई रो मायरो कथा का समापन

निसं



**उदपुरवाटी ( नवयत्न )।** क्षेत्र की प्रसिद्ध श्री कृष्ण गौशाला एवं नंदीशाला संस्थान चंवरा हीरवाना में बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में चल रही नानी बाई रो मायरो कथा में कथावाचक विपुल शास्त्री ने कहा कि भगवान पर सर्वस्व न्योछावर करने पर परमात्मा अपने भक्त की लाज अवश्य बचाते हैं। जिस प्रकार भक्त नरसी की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान स्वयं अंजार नगर पहुंचकर नानी बाई के 56 करोड़ का मायरा भरा। इसलिए हमेशा भगवान का स्मरण करते रहे।

कथा के समापन पर अतिथियों और दानदाताओं का सम्मान किया गया। मकर संक्रांति पर गौशाला में सुबह से देर शाम दानदाताओं का तांता लगा रहा। कथा समापन के दौरान उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, गौशाला अध्यक्ष शीशराम खटाणा, कोषाध्यक्ष बनवारीलाल लाल जांगिड़, बुद्धि प्रकाश सोनी, राजेन्द्र दोराता, मनदीप बराला, विक्रम सिंह शेखावत, श्रीचंद बराला, हीरालाल मास्टर, गोपाल सिंह शेखावत, नरेंद्र दाधीच, रोहिताश गुर्जर, महावीर रावत, संदीप गाडिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। गौशाला में गौ माता के लिए भामाशाह बुद्धि प्रकाश सोनी ने करवाई एक लाख रुपए की एफडी चंवरा के भामाशाह बुद्धि प्रकाश सोनी ने हीरवाना गौशाला में गौ माता के लिए एक लाख रुपए की एफडी करवाई। जिसका चेक गौशाला समिति को सौंपा गया। गौशाला परिवार द्वारा भामाशाह बुद्धि प्रकाश सोनी का सम्मान किया गया।

महंत लक्ष्मण दास महाराज ने कहा कि गौ माता और प्राणी मात्र की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। प्रत्येक मनुष्य को अपनी नेक कमाई में से दान पुण्य अवश्य करना चाहिए।

# ट्रस्ट ने मकर संक्रांति पर निभाया सामाजिक सरोकार



बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को तिल के लड्डू एवं गरम पकोड़े वितरित किए गए। ट्रस्ट ने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए यह सेवा कार्य पूरी संवेदनशीलता के साथ किया। झुंझुनू प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग 20 किलो तिल से बने लड्डू तथा गरम पकोड़े घर-घर जाकर वितरित किए गए। विशेष रूप से दिव्यांग एवं असहाय परिवारों को यह सामग्री दी गई, जिससे उनके चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में ट्रस्ट के कार्यकर्ता सुरेश सीमार, नरोत्तम दुलगच एवं प्रदीप दुलगच ने सुबह से ही सक्रिय रूप से सहभागिता निभाते हुए इस पुण्य कार्य को सफल बनाया। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है और इसे प्रेरणादायक बताया है।

# अग्रवाल परिवार द्वारा 50 जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के समाजसेवी आसकरण अग्रवाल ने अपनी माता स्वर्गीय गंगा देवी पिता इंद्रचद्र अग्रवाल की स्मृति में लाडसरीया चैरिटेबल ट्रस्ट में 50 जरूरतमंद महिलाओं को उच्च क्वालिटी के कंबल वितरित किए गए। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर बीरबल मीणा, कार्यक्रम के अध्यक्ष समाज सेवी पूनम चंद्र गर्ग, विशिष्ट अतिथि युवा विकास समिति की सदस्य मधु श्रीमाल, युवा विकास समिति के उप मंत्री विनोद भाटिया, सेंटर मैनेजर जितेंद्र टाक, दीनदयाल महावर, युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर बीरबल मीणा ने कहा आसकरण अग्रवाल के द्वारा जो सर्दी के मौसम में गर्म कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया है बहुत ही पुण्य का कार्य है इस अवसर पर सेंटर मैनेजर जितेंद्र टाक ने आसकरण अग्रवाल के द्वारा करवाए गए कार्यों की जानकारी दी कार्यक्रम युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच ने कहा कि आसकरण अग्रवाल के द्वारा राजलदेसर कस्बे में गौ सेवा सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान करते रहते हैं एवं केंद्र में भी बच्चों के पढ़ने के लिए इंस्टिट्यूट बनाया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। कार्यक्रम में माया प्रजापत, राहुल वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# मानव सेवा संस्थान ने 150 कंबल बाटे

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंदों तक गरमाहट पहुँचाने और मकरसंक्रांति के त्योहार को सुरक्षित बनाने के लिए श्री मानव सेवा संस्थान ने एक सराहनीय पहल की। संस्था ने दो दिवसीय विशेष अभियान में घर-घर जाकर 150 कंबल वितरित कर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। यह अभियान संस्थाध्यक्ष व समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें देवीपुरा बालाजी मंदिर प्रांगण, कच्ची बस्तियाँ, जनाना अस्पताल, श्री कल्याण चिकित्सालय सहित कई ग्राम पंचायतों तक पहुँच बनाई गई। जांगिड़ ने कहा, ठंड में कंबल बाँटना केवल सहायता नहीं, बल्कि मानवता का सच्चा परिचय है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी ऐसे प्रयासों में सहयोग की अपील की।

# योगक्षेम प्रवास को लेकर परवान चढ़ी तैयारियां



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आगामी 5 फरवरी को आचार्य श्री महाश्रमण के योगक्षेम वर्ष प्रवास के दौरान लाडनूं आगमन को लेकर स्थानीय तेरापंथ समाज में बेहद हर्ष है। इस संदर्भ में शहर की गली गली एवं चौराहों पर विशेष सजावट का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय चौथी पट्टी निवासी ओसवाल समाज के लोगों ने आपसी सहयोग से अपनी गलियों में विशेष सजावट करवाई है। यहां सभी मोहल्ले वासियों ने मिलजुलकर अपने क्षेत्र के 40 विद्युत खंभों पर तेरापंथ के ध्वज का रंग करवाया है वहीं विद्युत पोल पर तेरापंथ ध्वज के कलर की लाईटें लगाकर विशेष सजावट की है। इसके साथ ही यहां 10 पोल पर सोलर लाइट भी लगाई गई है । इस कार्य में प्रकाश बेद हनुमान स्टोर का विशेष सहयोग रहा।

# मकर संक्रांति पर्व मनाया, बांटे पतंग



**बुगाला ( नवयत्न )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को गांव में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया।गौ भक्तों ने गायों को गुड़ व हरा चारा खिला गौमाता का आशीर्वाद लिया।गृहिणियों ने घरों में मीठे पकवान बना सूर्य भगवान की पूजा की। वही देवर को घेवर, जेठ को भेंट, ससुर जगाने, सास को सीढ़ियां उतारने जैसी पारंपरिक रस्में निभाई गई। अनारमुखी मोहल्ले में पंस सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया ने बच्चों को पतंग बांटे। छतों पर दिनभर वो काटा वो मारा के स्वर गूंजते सुना गया।

# मकर संक्रांति पर जमकर हुई पतंगबाजी, किया दान पुण्य

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मकरसंक्रांति पर्व की रौनक क्षेत्र में मौसम साफ रहने तथा अच्छी धूप निकल के कारण युवा वर्ग की टोलियां सुबह बजे ही पंतग बाजी में होम थियेटर पर गान के साथ मशगूल नजर आए, जो सायं तक वो फाटा यो काटा का शोर छतों पर रहा, दूसरी ओर जगह-जगह चाईनीज मांझा उपयोग होने के कारण राहगीरों को काफी परेशान हुई। उधर प्रशासन का चाइनीज माझां रोकने का दावा पूर्णतया खोखला सिद्ध हुआ। क्षेत्र में चाईनीज माझे की बिक्री जोरों पर हुई। महिलाओं ने भी जमकर पतंगबाजी की। संक्रांति पर दान पुण्य की महत्ता का व तेल जलाने का पर्व होने के चलते घर की मातृशकियों ने गर्म गर्म दाल से बने पकौड़े चिले बनाये व घेवर व फिणी की मिठास के साथ परिवार के साथ खाने का लुफ्त उठाया और साथ साथ हस्तमुक श्रदा से मिठाई, कपड़ों व यथा शक्ति दान पुण्य किया। इस अवसर पर मंदिरों आदि में धार्मिक अनुष्ठान कर धर्म पुण्य के कार्य पर भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गयी। मिठाई की दुकानों पर घेवर फिणों की विक्री परवान पर रही।

# स्वदेशी मेला जागरूकता रथ यात्रा को किया रवाना

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** स्वदेशी जागरण मंच एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला-2026 के प्रचार-प्रसार हेतु रथ यात्रा का शुभारंभ बुधवार दोपहर 1 बजे मेला स्थल नया बस स्टैंड से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किया। रथ यात्रा को स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत समन्वयक लोकेंद्र सिंह एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ यात्रा नगर एवं आसपास के गांवों में भ्रमण कर स्वदेशी मेले का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगी तथा लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने, देशी उद्योगों को बढ़ावा देने एवं आत्मनिर्भर भारत की भावना से जुड़ने का आह्वान करेगी। समिति ने जानकारी दी कि स्वदेशी मेला का भव्य शुभारंभ 17 जनवरी को राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री एवं अखिल भारतीय प्रचारक के मुख्य आतिथ्य में होगा। ज्ञात रहे मेला उत्सव 16 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक नया बस स्टैंड परिसर, सूरजगढ़ में आयोजित होगा। मेले में स्वदेशी उत्पादों की विशाल प्रदर्शनी, हस्तशिल्प, ग्राम उद्योग, आयुर्वेदिक सामग्री, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बच्चों, महिलाओं व युवाओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे। इस अवसर पर प्रांत समन्वयक लोकेंद्र सिंह नरुका, विभाग सह संयोजक ब्रह्मदत मीणा, मेला प्रमुख विक्रम सिंह राठौड़, खंड संघ चालक सुरेन्द्र सिंह तंवर, पुर्व विधायक सुभाष पुनियां, सेवाराम गुप्ता, निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल, सज्जन जांगिड़, संदीप शर्मा, अशोक शर्मा, मनोज शर्मा, विकास शर्मा, रविन्द्र जांगिड़, महेश जांगिड़ सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नगरपालिका की विशेष बैठक की मांग, सौंपा ज्ञापन

निसं



**लोसल ( नवयत्न )।** नगरपालिका के पार्षदों ने नगरपालिका बोर्ड की विशेष बैठक बुलाने की मांग को लेकर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ममता चौधरी को ज्ञापन दिया है। नगरपालिका बोर्ड के पार्षदों ने ज्ञापन में लिखा है कि नगरपालिका बोर्ड की बैठक हुए दो महीने से अधिक हो गए हैं। इसके अलावा अगले महीने में वर्तमान बोर्ड का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है। नगरपालिका क्षेत्र में पेयजल बिजली रोशनी सहित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने व सरकार के आदेशानुसार गौशाला प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन पर चर्चा करने के लिए विशेष बैठक का उल्लेख किया गया है । साथ ही लोसल में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट व विधुत वितरण निगम के लोसल कार्यालय के सामने मृत पशु कचरा डालने को लेकर भी ज्ञापन दिया गया है। नगरपालिका प्रतिपक्ष नेता बीआर हरिपुरा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

## सम्पादकीय

# दस मिनट में डिलीवरी की व्यवस्था खत्म, जल्दबाजी की नहीं थी जरूरत

यह अच्छा हुआ कि केंद्र सरकार ने क्विक कॉमर्स कंपनियों से दस मिनट में डिलीवरी की व्यवस्था खत्म करने को कहा और ये कंपनियां इसके लिए तैयार भी हो गईं। कुछ कंपनियों ने तो तत्काल प्रभाव से सामान की डिलीवरी दस मिनट में करने के वादे अपने विज्ञापनों से हटा भी लिए। इस जल्दबाजी की कोई आवश्यकता नहीं थी।

कंपनियां आपसी प्रतिस्पर्धा की होड़ में ऐसे वादे करने लगी थीं। इससे काम के बदले भुगतान आधारित तंत्र के तहत सेवाएं देने वाले गिग वर्करों की परेशानी बढ़ने के साथ उनकी सुरक्षा का भी जोखिम बढ़ गया था। हालांकि क्विक कॉमर्स कंपनियों का यह तर्क था कि गिग वर्करों को आम तौर पर तीन किमी के दायरे में ही सामान पहुंचाना होता है, लेकिन अपने देश में ट्रैफिक की स्थिति किसी से छिपी नहीं।

इसके अतिरिक्त कई बार डिलीवरी करने वालों को कॉलोनियों और बहुमंजिला भवनों के सुरक्षा गार्डों की पूछताछ का सामना करना पड़ता था। इसमें समय लगता था। नि:संदेह सरकार के ताजा फैसले से गिग वर्करों को राहत मिलेगी, लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। सरकार को यह भी देखना होगा कि इन असंगठित कामगारों की कार्यदशाएं बेहतर हों और उन्हें उचित पारिश्रमिक भी मिले।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि एक बड़ी संख्या में गिग वर्कर थोड़े समय बाद काम छोड़ देते हैं। इसका कारण लंबी ड्यूटी, प्रतिकूल माहौल और जितने समय काम, उतना ही पैसा जैसे प्रविधान हैं। इसी के चलते पिछले दिनों गिग वर्करों ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया था। इसी के बाद वह नया लेबर कोड चर्चा में आया, जिसमें यह कहा गया है कि गिग वर्करों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ उन्हें कुछ सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

आज जब क्विक कॉमर्स कंपनियों के साथ ऑनलाइन कारोबार बढ़ रहा है और यह माना जा रहा है कि आने वाले समय में गिग वर्करों की संख्या में भारी वृद्धि होगी, तब फिर उनके हितों की चिंता करनी ही होगी। यह चिंता सरकार के साथ संबंधित कंपनियों को भी करनी होगी। उनका कारोबार गिग वर्करों के कारण ही बढ़ रहा है और वे मुनाफा भी कमा रही हैं। सच तो यह है कि असंगठित क्षेत्र के सभी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा, बीमा, समय पर समुचित भुगतान आदि के दायरे में लाया जाना चाहिए।

यह तब संभव होगा, जब सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उसकी ओर से किए जा रहे उपायों पर सही तरह अमल हो रहा है या नहीं? यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि निजी सुरक्षा गार्डों के हितों की रक्षा को लेकर जो नियम-कानून बनाए गए थे, वे कागजों पर ही अधिक प्रभावी हैं। यह सही समय है कि असंगठित क्षेत्र के हर कामगार की सुध ली जाए। इससे ही श्रमेव जयते का नारा सार्थक होगा।



## विशेष आलेख

# अमेरिकी मनमर्जी को रोकने के लिए विश्व को एक होना पड़ेगा



1995 में एक फिल्म आई थी, गैंबलर। गोविंदा-शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म का एक गाना उन दिनों बेहद मशहूर हुआ था, मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं, मेरी मर्जी निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने ये गाना नहीं सुना होगा, लेकिन उन्होंने हाल ही में न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जो कहा है, उसका भावार्थ कुछ यही निकलता है। उन्होंने कहा है, सिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यहीं वे चीज़ें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी ज़रूरत। तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। ट्रंप और उनकी सोच पारंपरिक लोकतांत्रिक मुखौटाबाज राजनीति से अलग है, लिहाजा वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। लेकिन सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी ही रही है। अमेरिका की सत्ता में दो ही पार्टियों का वर्चस्व है। चाहे रिपब्लिकन पार्टी हो या फिर डेमोक्रेटिक पार्टी, दोनों के राष्ट्रपतियों की कार्यशैली कम से कम विदेश मामलों में एक जैसी ही रही है। ट्रंप खुलकर 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति और नीयत का हवाला देते हैं, लेकिन दूसरे राष्ट्रपति ऐसा कहने से बचते रहे हैं। हां, उनके भी कदम हमेशा ऐसा ही रहे हैं। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है। हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई।

कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे। अमेरिका में एक धारणा रही है कि कुवैत पर कब्जे की कार्रवाई इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अमेरिकी इशारे पर ही की थी। लेकिन जब मामला उल्टा पड़ गया तो जॉर्ज बुश सीनियर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की आड़ में ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों के साथ गठबंधन करके सैनिक कार्रवाई शुरू की। 1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। वैसे लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो धुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी अगुआई में ज्यादातर नाटो देश सक्रिय थे। अफगानिस्तान में जब पिछली सदी के अस्सी के दशक में सोवियत सेनाएं घुसीं, तब सोवियत संघ को काबू करने के लिए अमेरिकी सरकार ने पाकिस्तान का उपयोग किया और एक तरह से पाकिस्तान को अपना अघोषित उपनिवेश बना लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 1965 और 1971 के युद्धों में अमेरिका में चाहे जिसकी भी सरकार रही हो, अमेरिकी सेनाओं और सरकार ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ दिया और भारत का विरोध किया। साल 2024 में हुए बांग्लादेश में विद्रोह और शेख हसीना के तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के हाथ को लेकर संदेह जताया जाता है। साल 2010 के दिसंबर में ट्यूनिशिया में शुरू हुई पिंक क्रांति, जिसे अरब क्रांति के नाम से भी जाना जाता है, की बुनियाद पर अरब देशों में कार्रवाई करने और तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के सहयोग को देखा जाता है। अमेरिकी एजेंसियों की ही शह पर लीबिया से गद्दाफी की विदाई हुई, सीरिया अब भी जल रहा है। निश्चित तौर पर अमेरिकी प्रतिकार में शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष काम करता था, अब दुनिया की दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति बन चुका चीन कर रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के जिन मादुरो की सत्ता को अमेरिकी सेनाओं ने पलट दिया, उन्हें चीन का खुला समर्थन मिल रहा था। शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ और उसकी सेना ऐसे हालात में अमेरिकी सेनाओं का परोक्ष विरोध करती थी, वैसा चीन नहीं कर पाया।

कह सकते हैं कि अमेरिका में हर सत्ता ने वैश्विक ताकत क्रम में खुद को सर्वोच्च बनाए रखने के लिए अपने हिसाब से दादागिरी दिखाई है। कभी यह दादागिरी अमेरिकी हितों के नाम पर हुई तो कभी दुनिया में लोकतंत्र की स्थापना के नाम पर। कहने के लिए अमेरिका लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहरूआ बनता है, लेकिन अमेरिकी हितों, कारोबारियों और हथियार लॉबी के हित में अक्सर वह गैर लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई करता है। दुनिया का आधुनिक इतिहास इससे भरा पड़ा है। वेनेजुएला इसका ताजा उदाहरण है। ट्रंप जिन अंतरराष्ट्रीय कानूनों को अपने हिसाब से मानने या न मानने की बात कर रहे हैं, दरअसल उन्हें बनाने और संशोधित करने में सबसे ज्यादा योगदान अमेरिका का ही रहा है। विश्व में जब भी कहीं वेनेजुएला जैसी घटना होती है, तब जिनेवा समझौते और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का बहुत जिक्र होता है। दरअसल उन्नीसवीं सदी के मध्य तक दुनिया में होने वाले युद्धों के लिए युद्धबंदियों और सैनिकों और युद्धग्रस्त देशों के लोगों को लेकर शत्रु देशों की ओर से की जाने वाली अमानवीय कार्रवाई को रोकने के लिए ना तो कोई कानून था और इसे लेकर कोई प्रयास हुआ था। साल 1864 में पहली बार युद्ध के वक्त घायलों की मदद युद्धरत देशों के बीच बातचीत के लिए रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट ने कोशिश की। यही कोशिश पहले जेनेवा समझौते के रूप में सामने आई। इस दौरान युद्धरत देशों, उनके नागरिकों, सैनिकों आदि के मानवीय अधिकारों की रक्षा करने को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं। इसके तहत कुछ अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की परिकल्पना की गई और युद्ध के प्रभाव को सीमित करने और युद्धबंदियों के अधिकारों के संरक्षण की कोशिश शुरू हुई।जेनेवा में आखिरी समझौता 1949 में हुआ। जिनेवा कन्वेंशन का मकसद युद्ध के वक्त मानवीय मूल्यों को बनाए रखने के लिये कानून तैयार करना है। 1949 के समझौते में शामिल दो प्रोटोकॉल 1977 में जोड़े गए। आज तकरीबन पूरी दुनिया ने इस पर हस्ताक्षर किया है। इस लिहाज से जेनेवा समझौते को सभी देश मानते हैं। जेनेवा समझौते के अनुसार हर देश की अपनी संप्रभुता है और उसकी रक्षा ना सिर्फ युद्ध बल्कि शांति काल में भी होती है। यानी उसके नियम और कानून युद्ध, शांति और संकट काल, हर वक्त लागू होते हैं। इस संदर्भ में देखें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। ट्रंप ने यहां तक कहा है कि जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां तो उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे।

अमेरिकी दादागिरी के इतिहास में ट्रंप का यह बयान दुनिया की सोच से आगे है। चीन, ब्राजील और भारत के खिलाफ वे टैरिफ युद्ध चला ही रहे हैं, रूस से तेल खरीदने के आरोप की आड़ में वे तीनों देशों पर अब 25 प्रतिशत की बजाय पांच सौ प्रतिशत टैरिफ थोपने की धमकी दे रहे हैं। ट्रंप की जैसी फितरत है, उसकी वजह से उनसे कोई सकारात्मक उम्मीद रखना बेमानी ही है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकवाने को लेकर उनका कल्पित दावा हो या फिर ग्रीनलैंड, कोलंबिया, ईरान, मैक्सिको और क्यूबा को लेकर दी गई धमकी, सभी अमेरिकी दादागिरी का ही उदाहरण हैं। माना जा रहा है कि वे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकते हैं। ट्रंप पहले ही कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कर चुके हैं और इस तरह अपने पड़ोसियों और यूरोप के अपने पारंपरिक सहयोगियो को ना सिर्फ आशंकित, बल्कि नाराज भी कर चुके हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

### वृष
दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### मिथुन
घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

### कर्क
विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### सिंह
दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

### कन्या
अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

### तुला
समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

### वृश्चिक
निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

### धनु
कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### मकर
भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

### कुंभ
कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### मीन
घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

## स्वास्थ्य समाचार

# ज्यादा होती है चेहरे पर कील-मुंहासों की समस्या तो इन तरीकों से लगाएं जोजोबा ऑयल, जल्द मिलेगा छुटकारा

जिन लोगों को पिंपल्स होते हैं या जिनकी स्किन बहुत ज्यादा सेंसिटिव है, केवल वही जानते हैं कि वो कितने ही अच्छे प्रोडक्ट का प्रयोग क्यों न कर लें लेकिन उन्हें ज्यादातर स्किन केयर प्रोडक्ट्स से नुकसान ही पहुंचता है। इसलिए अच्छा विकल्प केवल प्राकृतिक चीजें ही होती हैं। अगर हम एसेंशियल ऑयल की बात करें तो यह भी हर स्किन को सूट कर सकते हैं। लेकिन आपकी स्किन के लिए तभी लाभदायक हैं जब सही तरह से प्रयोग किए जाएं।

**क्या है जोजोबा ऑयल :** यह एक जोजोबा पौधा (प्लांट) होता है। इसी पौधे के बीजों में से इस ऑयल को निकाला जाता है। इसका टेक्सचर थोड़ा चिपचिपा और थोड़ा वैक्स जैसा होता है। इसका रंग भी थोड़ा पीला या थोड़ा क्लीयर दिखाई देता है। बाजार में आज कल बिक रहे अधिकतर प्रॉडक्ट में जोजोबा ऑयल मौजूद होता है। यह आपकी स्किन को क्लीयर करने में और ब्लेमिश मुक्त रखने में मदद करता है। दरअसल इस ऑयल में एंटी एजिंग, एंटी एक्ने और हाइड्रेटिंग प्रॉपर्टी हैं। जो ऑइली व एक्ने प्रोन त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होती है।



### जोजोबा ऑयल को पिंपल्स ठीक करने के लिए कैसे करें प्रयोग

- अगर आप अकेला जोजोबा ऑयल को प्रयोग करेंगी तो इससे आपकी स्किन थोड़ी इरिटेट हो सकती है। इसलिए इसे एलो वेरा जेल के साथ मिक्स करके एक क्रीम बना लें।
- इस क्रीम को अपने चेहरे के उस भाग पर अप्लाई कर लें, जहां आपको पिंपल्स हों।
- कुछ मिनट के लिए अपनी स्किन पर इसकी मसाज कर लें ताकि यह आपकी स्किन में अब्जॉर्ब हो सके।
- इसे दो से तीन घंटे अपने मुंह पर लगा रहने दें और फिर धो लें।

### जोजोबा ऑयल और टी ट्री ऑयल

- अगर आप इन दोनों इंग्रेडिएंट्स को एक साथ मिलाती हैं तो यह काफी ज्यादा असरदार हो सकता है।
- टी ट्री ऑयल एक्ने को ठीक करने में काफी लाभदायक माना जाता है। इसे एक एंटीसेप्टिक के रूप में भी प्रयोग किया जाता है।
- इन दोनों इंग्रेडिएंट्स को मिला कर आप इसमें थोड़ा पानी भी मिला सकती हैं। इसे अपने चेहरे पर अप्लाई कर लें।
- अब दो से तीन घंटे के बाद अपने मुंह को धो लें।

### जोजोबा ऑयल और ग्लिसरीन

- अगर आपको थोड़े बहुत हल्के हल्के एक्ने हैं तो आप इन दोनों चीजों को एक समान मात्रा में मिलाकर एक पेस्ट बना लें।
- अपने चेहरे पर लगा लें।
- ग्लिसरीन आपकी स्किन को स्मूथ करती है।
- जबकि जोजोबा ऑयल आपको पिंपल्स से मुक्ति दिलाने में मदद करेगा।
- अगर आप एक्जिमा जैसी स्किन स्थिति से जूझ रही हैं तो इसे अवॉइड करें।

### जोजोबा ऑयल और कॉर्न मील

- यह पेस्ट एक्ने प्रोन और ड्राई स्किन के लोगों के लिए बहुत लाभदायक होता है।
- अगर आप अपने चेहरे के दाग धब्बे बहुत तेजी से हटाना चाहती हैं तो आप इस ट्रिक का पालन कर सकती हैं।
- दो चम्मच जोजोबा ऑयल लें और उसमें एक चम्मच कॉर्न मील मिक्स कर दें।
- अब इसका स्मूथ हो जाने तक एक पेस्ट बना लें।
- अगर यह पेस्ट थोड़ा सूखा सूखा लग रहा है तो और तेल एड कर लें।
- इसे अपने चेहरे पर लगा लें
- जब आपका चेहरा ड्राई हो जाए तो इस को पानी से धो लें।

# ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद हैं यह तेल

आजकल की तनावपूर्ण जीवनशैली में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या काफी अधिक बढ़ गई है। बुजुर्ग ही नहीं युवा वर्ग के लोगों में भी हाई बीपी की समस्या देखी जा रही है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण दिल की बीमारियों का जोखिम बढ़ता है इसलिए इसे नियंत्रित करना बेहद जरूरी है। आप अपने खानपान और जीवनशैली में कुछ बदलाव करके हाई बीपी को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा आप हाई बीपी को कंट्रोल करने के लिए कुछ एसेंशियल ऑयल इस्तेमाल भी कर सकते हैं।



### लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

हाई बीपी के मरीजों के लिए लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। लैवंडर ऑयल में कई चिकित्सीय गुण होते हैं जो तनाव को कम करने में मदद करते हैं। लैवंडर ऑयल के इस्तेमाल से नींद अच्छी आती है और सिर दर्द में भी आराम मिलता है।

### रोज़ एसेंशियल ऑयल

रोज एसेंशियल ऑयल में कई तरह के औषधीय गुण होते हैं। इस तेल की खुशबू से मन शांत होता है। गुलाब के तेल का इस्तेमाल करने से ब्लड सरकुलेशन बेहतर होता है और बीपी कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

### बर्गमॉट ऑयल

हाई बीपी में बर्गमॉट ऑयल का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। इस तेल को सूंघने से डोपामाइन और सेरोटोनिन रिलीज होते हैं जिससे मूड अच्छा होता है। यह तेल तनाव कम करने में भी मदद करता है जो हाई बीपी का एक प्रमुख कारण है। आप बर्गमॉट ऑयल को किसी अन्य तेल में मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### निरोली ऑयल

निरोली ऑयल नारंगी के फूलों से बनता है। इस तेल में एंटी हाइपरटेंशन गुण पाए जाते हैं जो हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। निरोली ऑयल की ताजी खुशबू से मूड अच्छा होता है। आप किसी अन्य तेल में निरोली ऑयल मिलाकर मसाज कर सकते हैं।

### लेमन ऑयल

लेमन ऑयल भी हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसकी खुशबू से मूड अच्छा होता है और तनाव कम करने में मदद मिलती है। लेमन ऑयल के इस्तेमाल से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और वजन कम करने में मदद मिलती है।

# वेट लॉस करने से जुड़ीं इन गलतफहमियों पर आंखें बंद करके न करें भरोसा

आमतौर पर हम बहुत-सी चीजों के बारे में सुनते और पढ़ते हैं, जिन्हें खाने से वजन बढ़ता है। ऐसे में कई बार हम उन चीजों को बिना पूरी जानकारी के खाना बंद कर देते हैं जबकि ऐसा करने से कई पोषक तत्वों की कमी हमारे शरीर में हो जाती है। इस कारण आप वेट लॉस के लिए कोई भी तरीका अपनाने से पहले आपको उसकी सही जानकारी होना बहुत जरूरी है।

**कार्बोहाइड्रेट का सेवन छोड़ना :** हमारी हर छोटी-बड़ी गतिविधि के लिए शरीर को कार्बोहाइड्रेट की आवश्यकता होती है। जब सही कार्ब्स का पर्याप्त मात्रा में सेवन किया जाता है, तो इससे वजन नहीं बढ़ता है। वजन कम करने की कोशिश करते हुए, सभी भोजन में साबुत अनाज, कॉम्प्लेक्स कार्ब्स और प्रोटीन खाना जरूरी है।

**पैकेज्ड फूड वेट लॉस में कारगर :** घर के बने फ्रेश खाने की तुलना में पैकेट फूड्स कभी भी हेल्दी नहीं हो सकते। ऐसे कई पैकेज्ड फूड हैं, जो लो-फैट, फैट-फ्री और ग्लूटेन-फ्री होने का दावा करते हैं, लेकिन शुगर से भरपूर होते हैं और इस तरह आपके वजन घटाने की बजाय ये बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं ज्यादातर लेबल सच्चे नहीं होते। पैकेज्ड भोजन के बजाय ताजा पका हुआ घर का भोजन करना सबसे अच्छा है।

**हर्बल चाय पीने से होता है वेट लॉस :** हर्बल चाय फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सिडेंट में उच्च होती है और इस प्रकार आपके शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करती है लेकिन चाय सीधे वजन कम करने में आपकी मदद नहीं कर सकती है।

**कम खाने से वजन कम होता है :** कम खाना खाने का मतलब है कि कैलोरी की कमी यानी आप जितना खाते हैं उससे ज्यादा कैलोरी बर्न करना। इस तरह कम खाना और अधिक चलना अधिक वजन घटाने के लिए लॉजिकल लगता है। कुछ दिन तक यह सही हो सकता है लेकिन लंबे समय तक फॉलो करना या रूटीन बनाना सही नहीं है।

**भूखे रहकर वजन कम होता है :** क्रैश डाइट लंबे समय में मदद नहीं करती। बल्कि इससे आपका वजन बढ़ सकता है, क्योंकि लम्बे समय तक भूखे रहने से आपकी एनर्जी कम हो जाती है।

## गौमाता को खिलाया दलिया



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** बलरिया स्थित मातो श्री गौशाला में स्व. शंकर सिंह बड़गुर्जर की पत्नी सुप्यार कंवर के द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गौशाला में गौ सवामणी का आयोजन किया गया। गौ सेवको ने अपने हाथो से गौमाता को दलीया खिलाया। समाजसेवी सुभाष भूत ने गौमाताओं के लिए गुड़ का कार्टन भेंट किया। सुपयार कंवर ने बताया कि डूंडलोद के पूर्व सहपाठी समुह के कार्यक्रमों से प्रभावित होकर मैने उनसे प्रेरणा ली। गौशाला संचालक बहादुर सिंह शेखावत, पूर्व सहपाठी समूह के शंकर लाल शर्मा, महेश सिंह बड़गुर्जर, सुभाष भूत, अशोक शर्मा, सुरेंद्र कुमावत, संजय शर्मा, बलरिया के शीशपाल झाझड़िया, सतवीर बंजारा, सुप्यार कंवर, शेरर सिंह घाभाई, सुभाष धाभाई, महेंद्र मील सहित अनेक गौभक्त उपस्थित रहे।

## सोनी परिवार द्वारा कंबल, रजाई व राशन भेंट



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** कूदन में प्रचंड सर्दी के बीच मानवता की मिसाल पेश करते हुए कूदन के सोनी परिवार ने पिपराली स्थित निडिब्रिज महिला आश्रम की असहाय महिलाओं को गर्म वस्त्र, कंबल, रजाई, गद्दे तथा खाद्य सामग्री के साथ नकद राशि का सहयोग दिया। परिवार ने संकल्प लिया है कि वह लगातार निराश्रित बच्चों और असहाय महिलाओं की मदद के लिए तत्पर रहेंगे। आश्रम में सामग्री वितरण के दौरान ग्रामवासियों ने सोनी परिवार का तहेदिल से आभार व्यक्त किया, वहीं आश्रम की महिलाओं ने इस पुनीत कार्य के लिए पूरे परिवार को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर गोपाल राय सोनी, मंजू देवी सोनी, गायत्री सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता सोनू सोनी, गरिमा शंकर सोनी सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भीषण सड़क दुर्घटना में 6 की मौत, 3 घायल

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में हरसावा के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना में फतेहपुर के 6 लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। साथ ही इस हादसे में 3 अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। घटनास्थल से उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है। स्थानीय विधायक हाकम अली खान ने इस दुखद घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है और शोक संतप्त परिवारों को इस विपदा को सहने की शक्ति देने की ईश्वर से मनुहार की है। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की हार्दिक कामना जताई है। दुर्घटना सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक सचेत रहने की तात्कालिक आवश्यकता की ओर भी इशारा करती है।

## शहीद सियाक की 22वीं पुण्यतिथि पर किया श्रद्धांजलि स्मरण



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत रामनगर गुंगारा जला सीकर के शहीद हरिसिंह सियाक की 22वीं पुण्यतिथि पर एक गौरवमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहीद स्मारक खेजरवाला रामनगर गुंगारा में आयोजित इस समारोह में सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के सक्रिय व सेवानिवृत्त जवानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने साथी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

### पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि

कार्यक्रम में 12वीं बटालियन बीएसएफके पदाधिकारी मदन सिंह 2 रामचंद्र सिंह सुण्डा कुदन और डिप्टी कमांडेंट विद्याधर बगड़ियां के नेतृत्व में सेवानिवृत्त सैनिकों ने शहीद की मूर्ति को माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए। पूरा समारोह देशभक्ति के नारों और वीर गाथाओं से गूंजता रहा।

### परिवार का सम्मान

इस अवसर पर शहीद के परिवार के सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। बीएसएफ अधिकारियों ने शहीद की वीरांगना पत्नी रामप्यारी देवी और पिता श्री कुरडाराम को साल, प्रतीक चिन्ह और माला भेंट कर उनके समर्पण को नमन किया।

### भावी पीढ़ी को संदेश

सभा को संबोधित करते हुए शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया और भावी पीढ़ी को देश की सुरक्षा के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। यह भी कहा गया कि समाज को शहीद स्मारकों को धार्मिक स्थलों से भी बढ़कर सम्मान देना चाहिए।

### उपस्थित परिवारजन व अन्य

कार्यक्रम में शहीद के भाई किशनलाल, विद्याधर, छोटेलाल, पुत्र प्रेम प्रकाश सहित परिवार के दर्जनों सदस्य, ग्रामीण और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शहीद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। स्वर्गीय हरिसिंह सियाक के बलिदान को याद करते हुए आयोजित यह कार्यक्रम देशभक्ति और सामुदायिक एकजुटता का एक प्रेरणादायक उदाहरण था।

# पूर्व विधायक जलधारी ने चार पीढ़ियों के साथ मनाई मकर संक्राति

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सीकर के पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने एक ऐसी मिसाल पेश की है जो न सिर्फ परिवारिक एकजुटता बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संदेश देती है। उन्होंने अपने परिवार की चार पीढ़ियों–पुत्र, पौत्र और प्रपौत्र सहित–के साथ मिलकर पतंगबाजी का आनंद लिया। यह दृश्य न केवल हृदय को स्पर्श करने वाला था बल्कि समाज के लिए एक सार्थक संदेश भी लेकर आया। जलधारी ने इस अवसर पर कहा कि त्योहार सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और पीढ़ियों के बीच स्नेहिल बंधन को मजबूत करने का सुअवसर होते हैं। उन्होंने युवाओं से सुरक्षित पतंगबाती करने और चाइनीज माँझे के बहिष्कार की भी अपील की। उनका कहना था कि परंपराओं को निभाते हुए भी हमें सुरक्षा और पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए। इस पारिवारिक उत्सव में बुजुर्गों के साथ.साथ बच्चों के चेहरे पर भी उत्साह देखा जा सकता था। पूर्व विधायक का यह कदम समाज में सामूहिक त्योहार मनाने और पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखने का एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर न केवल पतंग उड़ाई बल्कि तिल–गुड़ का प्रसाद भी ग्रहण किया और आपस में मौसमी व्यंजनों का आनंद लिया। यह दृश्य सचमुच में त्योहार की सही भावना को प्रतिबिंबित करता था।

# शिविर में 115 लोगों ने किया रक्तदान



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चंगोई में स्व. प्रकाश शास्त्री की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 115 लोगों ने रक्तदान कर शास्त्री को श्रदांजलि दी।

इस अवसर पर महावीर काकड़ा, पवन काकड़ा, प्रेम, विनोद पुजारी, वैध अनिल दाधीच, लिलाधर शर्मा, प्रमोद, सुरेश शर्मा, नरेंद्र शास्त्री, जितेंद्र कुमार भाटी, कानसिंह बडगुजर, सुमेरसिंह सोनगरा, धर्मपाल स्वामी, पवन श्योराण, ओम प्रमाण शर्मा, सुरेन्द्र सिंह राजवी, ओमसिंह गौड़, विनोद शर्मा, राकेश गौड़ आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# अंचल का आसमान बना रंगों का दरिया



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को शहर का आसमान रंग–बिरंगी पतंगों से ऐसा सजा मानो रंगों का दरिया बह रहा हो। बम मारा वह काटा की आवाजों के बीच पूरे शहर में उत्साह और उमंग का वातावरण था।

लेकिन इस रंगीन माहौल के साथ–साथ समाज सेवा और दान–पुण्य की भी धूम रही। शहर के विभिन्न संस्थानों, समाज सेवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस अवसर को मानवता की सेवा में बदल दिया। कई संगठनों द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े, कंबल और भोजन सामग्री का वितरण किया गया।

कुछ संस्थाओं ने असहाय महिलाओं और बुजुर्गों को सहारा दिया तो कुछ ने पशुधन की सेवा का बीड़ा उठाया।

यह दृश्य दर्शाता है कि सीकर की जनता ने केवल पतंगबाजी के उत्साह में ही नहीं, बल्कि परोपकार और सामाजिक सद्भाव के साथ भी इस त्योहार को मनाया। इस तरह के प्रयासों ने मकर संक्रांति के पुण्य पर्व की मूल भावना को सार्थकता प्रदान की है।

# जाखल गौशाला में मकर संक्रांति पर्व एवं गौसेवा महोत्सव का संगम

रामावतार सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला जाखल में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर धर्म, सेवा और सामाजिक सरोकारों से परिपूर्ण पर्व एवं गौसेवा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। दिनभर चले इस धार्मिक आयोजन में अनुष्ठान, गौसेवा, समाज सेवा देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ से हुआ जिसमें कृष्ण शर्मा एवं उनकी टीम ने भावपूर्ण वातावरण में वाचन किया। इसके पश्चात संत निक्कूदास टिब्बा वाले बालाजी, नेवरी धाम महाराज के कर–कमलों द्वारा मेरा संकल्प के आर्थिक सौजन्य से गौचिकित्सा सेवा केंद्र का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर मेरा संकल्प संस्था का 19वाँ वार्षिक सेवा समारोह भी आयोजित हुआ। समारोह में संस्था के गत वर्षों के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालने वाली विशेष पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश महासचिव रामजीलाल मूंड तथा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजू जाखल का सम्मान किया गया। साथ ही गौ–चिकित्सालय में आवश्यक उपकरण प्रदान करने वाले भामाशाह प्रतापसिंह शेखावत एवं राजेंद्र भाखर कटराथल को सम्मानित किया गया।

निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार दिए गए। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान अभिरक्षा पुत्री राजेंद्र एवं अपूर्वा जांगिड़ पुत्री सुनील कुमार सहित 17 विजेताओं का सम्मान किया। मेरा संकल्प संस्था द्वारा 34 अनाथ एवं दिव्यांग बालक–बालिकाओं को अध्ययन सामग्री हेतु सम्मान राशि के कूपन भी दिए गए। सामूहिक हवन किया गया। दिनभर गौसेवा का क्रम चलता रहा। गौमाताओं को गौसवामणी, केला, गुड़, हरा चारा अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने–अपने सामर्थ्य के अनुसार तुलादान भी किया। इस दौरान भंडारे भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड, भामाशाह रामजीलाल मूंड, उपाध्यक्ष नत्थू खेदड़, कोषाध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र सिंह, सचिव रतन सिंह, बसंत सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजू जाखल, रुस्तम अली, मातूराम जांगिड़, महावीर सिंह मालिया वाले, पूर्व प्राचार्य गंगाराम गौरा, रामलाल माहिच, देवीलाल, बृजलाल वर्मा, मदन सिंह किला वाले, विक्रम सिंह, भंवर सिंह, रामसिंह, डॉ. श्रवण सिंह, महेंद्र सिंह, बनारसीलाल खेदड़, विनोद कुमावत, मनोज सोनी, शंकर सोनी, पंडित भवानी शंकर, राजू गढ़वाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# फतेहपुर शेखावाटी में भव्य पतंग महोत्सव ने बढ़ाया मकर संक्रांति का रंग

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर फतेहपुर का आसमान रविवार को रंग–बिरंगी पतंगों से ऐसा सजा मानो चित्रकार ने रंगों से कैनवास भर दिया हो। पूरा शहर छतों पर जश्न और आसमान में लहराती पतंगों के नजारों से गुलजार था। इस उत्सव की सबसे खास बात रही मण्डावा रोड स्थित श्री लक्ष्मीनाथ नंदीशाला के पास आयोजित एक भव्य पतंग प्रतियोगिता का। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवा और पतंगबाज उत्साह के साथ जुटे। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण यह था कि इसमें सबसे अधिक पतंग काटने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधु सुदन भिंडा ने बताया कि इस प्रतियोगिता की सबसे महत्वपूर्ण शर्त थी, चाइनीज मांझे का पूर्ण प्रतिबंध। उन्होंने कहा, यह नियम हमारी देशी कला को बढ़ावा देने और पारंपरिक, पर्यावरण–अनुकूल स्वदेशी मांझे के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए रखा गया था। यह कदम न सिर्फ पक्षियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश है, बल्कि भारतीय परंपराओं के संरक्षण का भी प्रतीक है। इस तरह के आयोजन ने न केवल त्योहार के उल्लास को दोगुना किया, बल्कि सामुदायिक भावना को मजबूत करते हुए सुरक्षित और जिम्मेदार पतंगबाजी का एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। फतेहपुर का यह पतंग महोत्सव सांस्कृतिक उत्सवों को पर्यावरण और सुरक्षा के प्रति सजगता के साथ मनाने का एक आदर्श प्रारूप बन गया।

## कहीं सोते हुए ससुर को जगाई बहु, कहीं जेठ को मनाई

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति का पर्व राजस्थान की लोक संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। सामाजिक समरसता को मजबूत करने का भी माध्यम बनता है। शहर सहित गांव–ढ़ाणियों में इस दिन दान पुण्य के साथ–साथ ऐसी रीतियां निभाई।

अल सुबह नव विवाहित बहु अपने ससुराल में सास–ससुर को चरण स्पर्श कर वस्त्र और नकद भेंट अर्पित की बदले में सास–ससुर अपनी बहू को सुख–समृद्धि का आशीर्वाद दी। ये परंपरा जो सास–बहू, सास–ननद और पूरे परिवार में ये परंपरा घर में सम्मान, स्नेह और अपनत्व का भाव पैदा करती है। संक्राति के दिन बहू अपने सास–ससुर को छत से सीढ़ियों के सहारे नीचे उतारती है।

हर सीढ़ी पर वह रुपए रखती है, जिन्हें सास–ससुर उठाते हुए नीचे आते हैं। नीचे पहुंचने पर बहु नए परिधान भेंट करती है। देवर को घेवर या मिठाई खिलाई जाती है, वहीं ननद को वस्त्र और उपहार दिए जाते हैं। सौभाग्यवती स्त्रियां अपने परिवार के सभी अपनों के लिए अलग–अलग नेगचार करती है। सोती सेज जगाना, सीढ़ी उतारना, पनघट या घाट पहनाना आदि मकर सक्रांति की ये रीतियां केवल रस्में नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन का मूल आधार हैं। सास–बहु और ननदए देवर जेठ जैसे रिश्तों में जो भावनात्मक दूरी हो सकती हैए उसे ये परंपराएं प्रेम और सम्मान में बदल देती।

## मकर संक्रांति पर युवाओं ने बनाई 10 फीट लंबी पतंग, बनी आकर्षण का केंद्र

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे में बुधवार को मकर संक्राति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ दान पुण्य किया तथा गायों को हरा चारा, गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर युवकों ने पतंगों का जमकर लुफ्त उठाया। युवक छतों पर सुबह से चढ़ गए तथा म्युजिक बजाकर पतंगबाजी की, दिनभर आसमान में रंग बिरंगी पतंगें लहराती रही। पतंग उड़ाने वाले शौकीनों के मुंह से एक ही शोर दिनभर सुनाई दिया वो मारा, वो काटा। वही बाजारों में मिठाईयों की दुकानों पर घेवर–फीणी, गजक की जमकर बिक्री हुई। जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र, तेल की बनी खाद्य वस्तुए, तिल के लड्डु, भोजन दान कर लोगो ने पुण्य कमाया। नववधुओं ने रूठी सास को मनाने, सीढ़ियां उतारने, ससुर व जेठ को जगाने आदि की रश्में निभाई गई। वही प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी चायनीज मांझे की धड़ल्ले से बिक्री हुई तथा युवकों द्वारा प्रतिबंधित चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने का दौर समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। वहीं मकर संक्रांति पर मुस्लिम युवाओं द्वारा बनाई गई एक अनोखी और विशाल पतंग लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनी। कस्बे के महेंद्र चौरड़िया स्टेडियम में 10 फीट लंबी और 15 फीट चौड़ी इस विशाल पतंग को आसमान में उड़ाया गया। यह विशेष पतंग मुस्लिम लुहार समाज के युवाओं द्वारा तैयार की गई। पतंग बनाने में समीर, हारून, अजीज, अरबान लुहार सहित लुहार समाज के अन्य युवाओं की टीम ने सहयोग किया।

## कव्वाली, लंगर और रस्मों के साथ नरहड़ में आज से 757 वां उर्स

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के चिड़ावा कस्बे के निकट नरहड़ गांव स्थित हजरत हाजीब शकरबार पीर बाबा की दरगाह पर 757वां उर्स आज से पूरे अकीदत और श्रद्धा के साथ शुरू हो गया है। तीन दिवसीय उर्स का आयोजन 15, 16 एवं 17 जनवरी तक किया जाएगा।

उर्स को लेकर दरगाह परिसर सहित नरहड़ गांव में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दरगाह के खादिम हाजी अमजद खान पठान ने बताया कि उर्स की शुरुआत गुरुवार को रस्मे गुस्ल–ए–मजार शरीफ से की गई। सायंकाल महफिल–ए–कव्वाली का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से आए कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर समां बांधा। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी को असर की नमाज के बाद मजार शरीफ पर फुल व चादर पेश की जाएगी तथा रात्रि में कव्वाली का आयोजन होगा। 17 जनवरी को कुल की फातिहा के साथ उर्स का समापन किया जाएगा।

उर्स में हिंदू–मुस्लिम श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिरकत कर रहे हैं, जो कौमी एकता, आपसी भाईचारे और धार्मिक सद्भाव का संदेश देता है। उर्स के दौरान जायरीनों के लिए लंगर, ठहरने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं आयोजन समिति की ओर से की गई हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उर्स में शिरकत करने की अपील की है। गौरतलब है कि उर्स के अवसर पर श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्रीमहंत कासीनाथदास, श्री गुरु खाशाबा दास पंच निरमोही अणीआखाड़ा, निवर्तीनाथ महाराज खालसा भी उर्स में शिरकत करेंगे।

# ओरल हाइजीन से जुड़ी ये मिसटेक्स पहुंचा सकती हैं आपको नुकसान

जिस तरह हम अपनी पूरी बॉडी का ध्यान रखते हैं, ठीक उसी तरह ओरल हाइजीन का ख्याल रखना भी आवश्यक होता है। आमतौर पर देखने में आता है कि लोग सिर्फ ब्रशिंग को ही ओरल हाइजीन से जोड़कर देखते हैं। लेकिन यह वास्तव में इससे कहीं अधिक है। ओरल हाइजीन के दौरान सिर्फ आपको सही तरह से ब्रश करना ही आवश्यक नहीं होता है, बल्कि आपको पूरे माउथ की क्लीनिंग व केयरिंग करनी चाहिए। जब बात ओरल हाइजीन की होती है, तो आपको अपने आहार पर भी ध्यान देना चाहिए।

### दिन में केवल एक बार ब्रश करना

कुछ लोग सुबह उठकर सबसे पहले ब्रश करते हैं और उन्हें लगता है कि वह अपने दांतों का ख्याल रख रहे हैं। जबकि ऐसा नहीं है। आपको दिन में कम से कम दो बार ब्रश अवश्य करना चाहिए। रात को सोने से पहले अगर ब्रश नहीं किया जाता है तो मुंह के बैक्टीरिया आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### फ्लॉसिंग को स्किप करना

कुछ लोग ओरल केयर के लिए ब्रश तो करते हैं, लेकिन फ्लॉसिंग को स्किप कर देते हैं। जबकि यह भी उतना ही अहम् है। आपको नियमित रूप से अपने दांतों को फ्लॉस करना चाहिए। दरअसल, दांतों के बीच में टूथब्रश आसानी से नहीं पहुंच सकता। ऐसे में अगर फ्लॉसिंग ना की जाए तो इससे गंदगी दांतों के बीच जमा हो जाती है। जिससे आपको कई तरह की ओरल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

### चीनी का अधिक सेवन करना

अगर आप अपने ओरल हाइजीन का ख्याल रखना चाहती हैं तो ऐसे में शुगर का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए। जब आप अधिक मात्रा में शुगर लेते हैं तो इससे दांतों में सड़न होने की संभावना होती है। इसलिए, अपनी ओरल केयर के लिए आप चीनी की खपत को सीमित करें।

### सिर्फ माउथवॉश का इस्तेमाल करना

ओरल केयर के लिए माउथवॉश का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है, क्योंकि यह आपके मुंह से हानिकारक पार्टिकल्स को बाहर निकालने में मदद कर सकता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सिर्फ माउथवॉश का ही इस्तेमाल करें और फ्लॉसिंग को स्किप कर दें।





**फ्लोराइड प्रोडक्ट्स का उपयोग ना करना :** जब बात ओरल हाइजीन की होती है तो यह आवश्यक है कि आप सही प्रोडक्ट्स का चयन करें। ओरल हाइजीन रूटीन में आपको फ्लोराइड युक्त उत्पादों का इस्तेमाल करना चाहिए। यह आपके दांतों को मजबूत बनाने और आपके दांतों को होने वाले नुकसान को कम करने में मदद कर सकते हैं।

## बैड बॉडी पॉश्चर की समस्या को दूर करने के लिए इन हैक्स की लें मदद

जब बात बैड बॉडी पॉश्चर की होती है, तो अक्सर लोग केवल कमर दर्द व गर्दन दर्द की ही बात करते हैं। यह सच है कि बैड बॉडी पॉश्चर के कारण व्यक्ति को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन बैड बॉडी पॉश्चर की समस्या इससे भी कहीं अधिक बड़ी है। आपको बैड बॉडी पॉश्चर के कारण सिरदर्द व तनाव हो सकता है। साथ ही इससे आपकी सेल्फ इमेज पर भी नेगेटिव असर पड़ सकता है और तरह-तरह की चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। अमूमन यह देखने में आता है कि अपने बैड बॉडी पॉश्चर को सुधारने के लिए लोग सिर्फ एक्सरसाइज का ही सहारा लेते हैं। लेकिन इसके अलावा भी ऐसे कुछ आसान हैक्स होते हैं, जो आपके बॉडी पॉश्चर को सुधारने में मदद कर सकते हैं।



### यूं उठाएं सामान

यह देखने में आता है कि लोग अक्सर एक ही तरफ से भारी सामान उठाते हैं और उसे ले जाते हैं। लेकिन ऐसा करने से बचें। इससे आपके कंधों पर झुकाव होता है और आपका बॉडी पॉश्चर भी खराब होता है।

### बैठते समय रखें ध्यान

जब आप बैठ रही हैं तो ऐसे सोफे पर बैठने से बचें जो अत्यधिक नरम और सर्पोटिव ना हों। इससे आपको एक बेहतर पोजिशन मेंटेन करने में समस्या होगी। इसके अलावा अपने पैरों को टाइटली क्रॉस करके बैठने से बचें, क्योंकि यह आपके पेल्विस को ट्विस्टेड पॉश्चर में रखता है और आपके पैरों में रक्त के संचार को कम करता है।

### एडजस्ट करें सीट

यह एक सिंपल हैक है, लेकिन आपके बॉडी पॉश्चर को सुधारने में बहुत अधिक मददगार है। कई बार ऐसा होता है कि आपकी सीट टेबल की हाइट से बहुत ऊंची या नीची होती है। जिसके कारण आप अपनी गर्दन को झुकाकर काम करतेहैं। इससे आपका बॉडी पॉश्चर खराब होता है और गर्दन में दर्द की समस्याहोती है। इसलिए, जब भी काम करें तो पहले अपनी सीट को एडजस्ट करें। ध्यान दें कि आपके कंप्यूटर की स्क्रीन आपके आई लेवल के बराबर हो।

### पैरों से जुड़ा हैक

वर्किंग लोग अधिकतर अपना समय बैठकर बिताते हैं, जिसके कारण बॉडी पॉश्चर को सुधारने के लिए आपको इस हैक की मदद लेनी चाहिए। ध्यान दें कि बैठते समय आपका वजन हिप्स व पैरों पर समान रूप से वितरित हो। इसके लिए आप अपने घुटनों को हल्का सा बेंड करके अपने पैरों को जमीन पर रखें। यदि आपके पैर जमीन तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो आप फुटरेस्ट भी खरीद सकती हैं।

### जब करें मोबाइल फोन का इस्तेमाल

अमूमन लोग डेस्क पर काम करते हुए फोन कॉल भी अटेंड करते हैं। लेकिन आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। जब आप बैठकर मोबाइल फोन यूज करते हैं तो ऐसे में आपका बॉडी पॉश्चर सही नहीं होता है। इसलिए, बॉडी पॉश्चर को बेहतर बनाने के लिए कोशिश करें कि आप कॉल को अटेंड करते समय चलने का प्रयास करें। कहा जाता है कि सक्रिय रहने से पूरे दिन अच्छा पॉश्चर बनाए रखने में मदद मिलती है।

### खुद से करें सवाल

बॉडी पॉश्चर को सुधारना एक ऐसी चीज है, जिसे आप एक दिन में नहीं कर सकते हैं। बल्कि आपको इसके लिए अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करने की आवश्यकता है। जिसके कारण आपको अधिक अवेयर होना चाहिए। इसलिए, आप जब भी बैठे हों, फोन देख रहे हों या फिर कोई एक्टिविटी कर रही हों तो बीच-बीच में खुद से सवाल करती रहें कि क्या आपके कंधे झुके तो नहीं है। आपका बॉडी पॉश्चर सही है या नहीं। इस तरह जब आप खुद को बार-बार रिमाइंड करवाएंगी तो इससे आपको अपना बॉडी पॉश्चर सुधारने में मदद मिलेगी।

## माउथवॉश के अधिक इस्तेमाल से हो सकते हैं ये नुकसान

जब बात ओरल केयर की होती है तो अधिकतर लोग ब्रशिंग के साथ-साथ माउथवॉश का इस्तेमाल करना भी पसंद करते हैं। माउथवॉश आपको सांसों की बदबू से छुटकारा दिलाता है और एक अधिक ताजगी का अहसास करवाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर नियमित रूप से माउथवॉश का इस्तेमाल किया जाए तो यह आपके लिए हानिकारक भी साबित हो सकता है। जी हां, हम सभी ने अभी तक केवल माउथवॉश से मिलने वाले फायदों के बारे में ही सुना है। लेकिन इससे आपको कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। हालांकि, अधिकतर लोगों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती।



**हो सकती है मुंह में रूखेपन की समस्या :** अगर आपको लगातार अपने मुंह में एक रूखेपन का अहसास हो रहा है तो हो सकता है कि इसके पीछे आपका माउथवॉश जिम्मेदार हो। दरअसल, अधिकतर माउथवॉश में अल्काहेल पाया जाता है। जिसके कारण अगर आप इसका इस्तेमाल करते हैं तो यह आपके मुंह को शुष्क बना सकता है।

**जलन या दर्द होना :** यह भी माउथवॉश के इस्तेमाल का एक नुकसान होता है। माउथवॉश के कारण अक्सर लोगों को एक टिंगलिंग सेंसेशन होता है और उन्हें कोई समस्या नहीं होती है। वहीं, अन्य लोगों के लिए यह सेंसेशन काफी दर्दनाक हो सकती है। हो सकता है कि आपको मुंह में जलन व बहुत तेज दर्द का अहसास हो। जिन माउथवॉश में अल्कोहल अधिक होता है, उसके इस्तेमाल से यह समस्या अधिक हो सकती है।

**माउथवॉश हेल्दी ओरल माइक्रोबायोम को हटा सकता है :** माउथवॉश के इस्तेमाल को इसलिए अच्छा माना जाता है, क्योंकि यह मुंह से बैक्टीरिया को हटाता है।


लेकिन वास्तव में यह आपके मुंह में अधिक संख्या में बैक्टीरिया को मार सकता है। यह सच है कि आपके मुंह में कुछ बैक्टीरिया कैविटी और सांसों की बदबू का कारण बन सकते हैं। लेकिन अन्य बैक्टीरिया वास्तव में आपके ओरल माइक्रोबायोम का हिस्सा हैं, जो आपके स्वस्थ दांतों और मसूड़ों को बनाए रखता है। इसलिए इनकी उपस्थिति बेहद आवश्यक है।

**दांतों में स्टेनिंग की समस्या :** आपको शायद पता ना हो, लेकिन नियमित रूप से माउथवॉश का अधिक इस्तेमाल किया जाता है, तो इससे दांतों में स्टेनिंग की समस्या हो सकती है। दरअसल, माउथवॉश में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो धीरे-धीरे अपना असर दिखाते हैं और दांतों में निशान नजर आने लगते हैं।

**कैंसर का बढ़ सकता है रिस्क :** यह माउथवॉश का एक ऐसा नुकसान है, जिसे आप कभी भी नहीं उठाना चाहेंगे। दरअसल, माउथवॉश में सिंथेटिक तत्व भी हो सकते हैं जिन्हें कुछ कैंसर के बढ़ते जोखिम से जोड़कर देखा जाता है। साल 2016 के एक अध्ययन में भी यह पाया गया कि जो लोग नियमित रूप से माउथवॉश का उपयोग करते हैं, उनमें उन लोगों की तुलना में सिर और गर्दन के कैंसर का खतरा थोड़ा अधिक हो सकता है। तो अब अगर आप भी माउथवॉश का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो इसे कभी भी खुद से शुरू ना करें। बल्कि पहले एक बार डेंटिस्ट से अवश्य मिलें और उनकी सलाह पर ही इसे इस्तेमाल करें।

## दांतों को मोती जैसे चमकाने के लिए पुदीना, नीम और मुलेठी से बनाएं टीथ व्हाइटनिंग पाउडर

सफेद और चमकते दांत, किसी की भी पर्सनालिटी में चार चांद लगा सकती है। मोतियों जैसी खिलखिलाती मुस्कान से आप किसी को भी अपनी तरफ आकर्षित कर सकते हैं। वहीं, पीले और गंदे दांतों की वजह से लोगों को कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। अगर दांत साफ ना हो तो लोग खुलकर हंस भी नहीं पाते हैं। दांतों में पीलेपन के कई कारण हो सकते हैं जैसे गुटखा व पान का सेवन, स्मोकिंग बेकार ओरल हाइजीन या फिर गलत खानपान। पीले और गंदे बातों से परेशान लोग अक्सर टीथ व्हाइटनिंग पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बाजार में मिलने वाले टीथ व्हाइटनिंग पाउडर काफी महंगे होते हैं।



**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर बनाने की सामाग्री :**

- नीम और पुदीना की सूखी पत्तियां
- 1 चम्मच दालचीनी पाउडर
- 1 चम्मच मुलेठी पाउडर
- 1 चम्मच सेंधा नमक
- 1 चम्मच लॉन्ग का पाउडर

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर बनाने की विधि :** इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर को बनाने के लिए मिक्सी में सभी चीजों को अच्छी तरह से पीस लें। इस पाउडर को आप एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके रख सकते हैं।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर इस्तेमाल करने का तरीका :** इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर को इस्तेमाल करने के लिए आपको एक चम्मच पाउडर अपनी हथेली पर लेना है। टूथब्रश की मदद से इससे दातों को हल्के हाथों से रोजाना साफ करें। इसके बाद साफ पानी से कुल्ला कर लें। इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर से रोजाना सुबह और रात में, दो बार ब्रश करें। इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर के इस्तेमाल से मुंह के कीटाणु खत्म होंगे। इसके इस्तेमाल से धीरे-धीरे आपके दातों में चमक आ जाएगी और दातों का पीलापन दूर होगा।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर के फायदे :** यह टीथ व्हाइटनिंग पाउडर दातों के लिए बहुत फायदेमंद है। सेंधा नमक से दांत प्राकृतिक रूप से सफेद और चमकदार बनते हैं। वहीं, नीम, पुदीने और मुलेठी से मसूड़े स्वस्थ रहते हैं। लौंग और दालचीनी की मदद से दातों पर जमा गंदगी दूर होती है और मुंह में मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करने में भी मदद मिलती है। यह टीथ व्हाइटनिंग पाउडर सेंसेटिव दांतो वाले लोगों के लिए भी काफी फायदेमंद है।

**सफेद और स्वस्थ दांत पाने के लिए इन बातों का रखें ध्यान :**

- दांतों का पीलापन दूर करने के लिए अपने खानपान और ओरल हाइजीन का खास ख्याल रखें।
- दांतों में पीलापन और पायरिया से बचने के लिए नियमित रूप से डेंटल चेकअप कराते रहें।
- रोजाना दिन में दो बार ब्रश करें। रात को डिनर करने के बाद ब्रश जरूर करें। इससे मुंह में बैक्टीरिया को पनपने से रोकने में मदद मिलेगी।
- दांतों में ब्रश करते समय एक सॉफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करें। मीडियम या हार्ड ब्रश का इस्तेमाल करने से धीरे-धीरे दांतों की ऊपरी परत निकलने लगती है।
- दांतों को स्वस्थ और चमकदार रखने के लिए चाय कॉफी का सेवन कम करें।

## शाम को दही खाने से सेहत को मिलेंगे ये फायदे

दही बहुत स्वास्थ्यवर्धक फूड्स में से एक है। इस सुपरफूड का हेल्थ एक्सपर्ट्स रोजाना सेवन करने की सलाह देते हैं। क्योंकि यह सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। यह प्रोटीन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, आयरन, बी विटामिन से भरपूर होने के सा ही, एक बेहतरीन प्रोबायोटिक भी है। यह आपकी आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देती है, पेट को स्वस्थ रखती है और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। लेकिन दही का सेवन दिन के दौरान करना ही सुरक्षित माना जाता है। सुबह या रात में इसके सेवन से बचने की सलाह दी जाती है। आपने अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि रात में दही नहीं खानी चाहिए, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि ऐसा करने से सर्दी-जुकाम, बलगम, पेट खराब, एसिडिटी और कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं।



### पेट रहेगा हेल्दी

बेहतरीन प्रोबायोटिक होने की वजह से पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आपके भोजन के बेहतर पाचन और उनसे पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करती है। यह आपको पेट संबंधी समस्याओं से दूर रखने में बहुत फायदेमंद है।

### इम्यूनिटी मजबूत बनाती है

पोषक तत्वों से भरपूर होने की वजह से यह आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती है। जिससे आप मौसमी और वायरल संक्रमण के साथ ही सर्दी-जुकाम, खांसी जैसी आम समस्याओं की चपेट में जल्दी नहीं आते हैं।

### हड्डियां नहीं होंगी कमजोर

हड्डियों को मजबूत बनाने में दही का सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है। क्योंकि यह कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर होती है, जो हमारी हड्डियों, दांत आदि को कमजोर होने से रोकने और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### गंभीर रोगों को रखे दूर

अध्ययन में पाया गया है कि नियमित एक कटोरी दही का सेवन करने से डायबिटीज और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने, साथ ही इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम से भी राहत प्रदान करती है।

### वजन प्रबंधन में करे मदद

कैलौरी में कम होने और पाचन को बेहतर बनाने के साथ ही यह मेटाबॉलिज्म को भी तेज करता है। यह न सिर्फ वजन कंट्रोल रखने में मदद करता है, बल्कि तेजी से कम रने में भी मदद करती है।

## ये हेल्दी हैबिट्स वास्तव में हेल्थ के लिए हो सकती हैं हानिकारक

हेल्दी रहने के लिए सिर्फ एक या दो दिन ही कुछ बातों का ध्यान नहीं रखना होता है। बल्कि जरूरी होता है कि आप अपने लाइफस्टाइल में ही बदलाव करें। ऐसे कई लोग हैं, जो हेल्दी रहने के लिए स्वस्थ आदतों को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हैं। हेल्दी फूड खाने से लेकर रेग्युलर एक्सरसाइज करने तक कुछ आदतें आपको स्वस्थ बनाने में एक बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। हालांकि हर बार ऐसा ही हो, यह जरूरी नहीं है। दरअसल, ऐसी कई हैबिट्स होती हैं, जिन्हें लोग हेल्थ के लिए काफी अच्छा मानते हैं और इसलिए उसे फॉलो भी करते हैं। लेकिन वास्तव में यही हैबिट्स धीरे-धीरे आपकी सेहत पर विपरीत असर डाल सकती हैं।



**हर मील के बाद ब्रश करना :** हर मील के बाद ब्रश करना दांतों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे बचा हुआ खाना दांतों में चिपका नहीं रह जाता है और दांतों में सड़न नहीं होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर आपने कुछ खट्टा या एसिडिक फूड खाया है तो तुरंत बंश करना दांतों के लिए हानिकाक हो सकता है। दरअसल, संतरे या नींबू जैसे साइट्रिक एसिड युक्त खाद्य पदार्थ दांतों के इनेमल को कमजोर करते हैं। जब आप इस अवस्था में ब्रश करते हैं तो दांतों को हानि पहुंचती है। इसलिए कम से कम 30 मिनट तक अपने दांतों को ब्रश ना करें। बेहतर होगा कि आप दिन में कम से कम दो बार अपने दांतों को ब्रश करें।

**हर वक्त अपनी हेल्थ के बारे में सोचने की आदत :** हर व्यक्ति के लिए जरूरी है कि वह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। लेकिन लगातार हेल्थ के बारे में सोचते रहने से कई बार व्यक्ति अकेला रहना शुरू कर देता है। ऑफिस या घर में वह दोस्तों व परिवार के सदस्यों के साथ खाने से बचता है। ऐसा इसलिए होता है, ताकि अत्यधिक वसा, चीनी, नमक का सेवन करने से बच सके। हालांकि, इस तरह अकेला रहने से आपके मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने डाइट चार्ट को प्लान करें। साथ ही, अपने सामाजिक जीवन का आनंद भी लें।

**केवल कार्डियो करना :** यह सच है कि हेल्दी रहने के लिए एक्सरसाइज करना आवश्यक होता है। लेकिन कुछ लोग सिर्फ कार्डियो ही करते हैं, जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। बल्कि जरूरी होता है कि आप अपने एक्सरसाइज रूटीन में कई तरह के अलग-अलग वर्कआउट को मिक्स करके करें। आप कार्डियो के अलावा स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग आदि पर भी ध्यान दें। यह फैट मास को कम करने के साथ-साथ मसल मास को बढ़ाने में मददगार है।

**वर्कआउट के बाद प्रोटीन शेक पीना :** वर्कआउट में बाद अक्सर लोग प्रोटीन शेक पीते हैं। यह मसल्स ग्रोथ और दर्द को कम कर करने में सहायक है। लेकिन अगर आप रात में वर्कआउट करते हैं तो ऐसे में प्रोटीन शेक का सेवन करना आपके लिए हानिकारक हो सकता है।

इतना ही नहीं, अगर आप लो- इंटेसिटी वर्कआउट करने से आपको प्रोटीन शेक का सेवन करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसा करने से आपको कुछ विपरीत परिणाम भी भुगतने पड़ सकते हैं।

## भगवान नारायण-महालक्ष्मी में मकर संक्रांति पर लगाया पतंगबाजी का रंग

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री कल्याण धाम सीकर में एक अद्भुत और दिव्य दृश्य देखने को मिला। यहाँ धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में भगवान कल्याणधणी नारायण और महालक्ष्मी जी का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अलौकिक प्रस्तुति में दरबार को 1100 पतंगों से सजाया गया है। इस दिव्य श्रृंगार में महालक्ष्मी जी भगवान कल्याणधणी के साथ विराजमान हैं और उनके हाथों में रजत जड़ित चरखी है। वहीं, कल्याणधणी स्वर्ण व रजत जड़ित एक विशेष पतंग उड़ा रहे हैं, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि भगवान ने विशेष पतंगों से जड़ित पोषाक धारण कर रखी है। इस पावन अवसर पर श्रीजी के भोग में तिल, गुड़ए मूंगफली, फिनी, घेवर सहित सभी मौसमी व गर्म खाद्य पदार्थों का समावेश किया गया है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति पर दान, स्नान और भगवान के दर्शन का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन किए गए पुण्य कार्य अक्षय फलदायी माने जाते हैं। यह अनूठा आयोजन भक्तों में उत्साह और आस्था का संचार कर रहा है।

## प्लास्टिक मांझे से 15 लोग हुए घायल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ मे पतंग बाजी और प्लास्टिक मांझे की चपेट में आने से करीब 15 लोगों के घायल हो जाने की जानकारी मिली है। विकास पुत्र झूमरमल माली 30 वर्ष निवासी नलिया बास सुजानगढ़ मोटरसाइकिल पर जाते समय चाइनीज मांझे से गला कटने से गंभीर घायल हो गया, जिसके करीब 8.10 टांके आये। तैयब पुत्र साजिद उम्र 10 वर्ष निवासी वार्ड 18 सुजानगढ़, जिसके पैर मै चाइनीज मांझे की वजह से कटने से 3 टांके आये। भवानी शंकर पुत्र प्रकाश माली उम्र 35 वर्ष निवासी डूंगर रोड सुजानगढ़, जिसके चाइनीज मांझे से 3 टांके, संदीप पुत्र कैलाश स्वामी उम्र 12 वर्ष निवासी लुहारा हाल सुजानगढ़ जो चाइनीज मांझा जलाते समय खुद जल गया। मुँह हाथ पैर पेट आदि जल गए। ओमप्रकाश पुत्र देवाराम उम्र 12 वर्ष निवासी सुजानगढ़ जिसके पतंग उड़ाते समय गिरने से पैर मै 7-8 टांके आये। रामचंद्र पुत्र चुनाराम प्रजापत उम्र 70 वर्ष निवासी चाड़वास जो स्कूटी पर जा रहे थे, जिनके पैर में चाइनीज मांझे से कटने से 3-4 टांके आये। इंसाफपुत्र सलीम खान उम्र 25 वर्ष निवासी लाडनूं जिसके सुजानगढ़ मै होलीधोरा मै पतंग उड़ाते समय चोटिल होने से 3 टांके आये। इसके अलावा छोटे छोटे 6-7 केस और आये। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने दिन भर घायलों के इलाज मै सहायता की। डॉ. बंशीधर यादव, डॉ. राजन महला, ममता स्वामी, दिनेश आदि नें घायलों का इलाज किया। वही तीन लोगों के छत से गिरने की जानकारी भी मिली है।

## बालिका सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 8 मार्च को

सुरेन्द्र शर्मा


**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत चरणबद्ध रूप से प्रथम चरण में सम्मिलित दो बालिका सैनिक स्कूलों के लिए चयन परीक्षा-2026 का आयोजन 8 मार्च को राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस चयन परीक्षा के माध्यम से पूज्या रामीदेवी रामनारायण राठी बालिका सैनिक स्कूल, जयमलसर, बीकानेर एवं महाराव शेखाजी बालिका सैनिक स्कूल, सीकर में प्रवेश दिया जाएगा। यह परीक्षा शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार आयोजित की जा रही है। प्रत्येक बालिका सैनिक स्कूल में कुल 80 सीटों का प्रावधान किया गया है। राज्य के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं की बालिकाएं इस चयन परीक्षा के लिए आवेदन कर सकती हैं। ऑनलाइन आवेदन 12 से 20 जनवरी 2026 तक शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं। चयन परीक्षा कक्षा 5वीं के पाठ्यक्रम पर आधारित होगी, जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण विषयों से प्रत्येक के 25 प्रश्न शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 100 प्रश्नों का बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र होगा। अभ्यर्थियों को उत्तर ओएमआर शीट पर अंकित करने होंगे। लिखित परीक्षा में चयनित बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया में आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार देय होगा। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि आवेदन करने से पूर्व विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से समय पर ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करें।

## सीमा बिजारणियां का सॉफ्टबॉल टीम में चयन



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज की खिलाड़ी सॉफ्टबॉल पुत्री गोपाल बिजारणियां का पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर की सॉफ्टबॉल महिला टीम में चयन हुआ है। कैलाश कुमार ने बताया की सीमा बिजारणिया एम.ए. उत्तरार्द्ध भूगोल की विद्यार्थी है। सॉफ्टबॉल महिला प्रतियोगिता में शेखावाटी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन संत गाड़गे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी, अमरावती महाराष्ट्र में होगा। विश्विद्यालय टीम में चयन होने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, खेल प्रभारी डॉ. विरेन्द्र कुमार यादव, कोच रामसिंह जाट ने खुशी व्यक्त की। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त स्टाफमौजूद था।

## 28 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया एएसआई



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अजमेर जिले के सिविल लाइन थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) हरिराम यादव को 28 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने परिवादी से दर्ज प्रकरण में चालान पेश करने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपी ने 13 जनवरी को परिवादी से 70 हजार रुपये में सौदा तय किया था। इसके तहत 14 जनवरी को 20 हजार रुपये नकद व 8 हजार रुपये के डमी नोट (कुल 28 हजार रुपये) लेते समय एसीबी (एसयू) अजमेर की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

# मकर संक्रांति : रंग-बिरंगी पतंगों से अटा गगन, विदेशी पर्यटक मग्न होकर बोले वो मारा-वो काटा

रघुवीर जोशी



**मंडावा ( नवयत्न )।** शेखावाटी अंचल की हेरिटेज सिटी मंडावा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मकर संक्रांति का पर्व बुधवार को उल्लास, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही पतंगबाजों से छतें गुलजार रहीं और रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान पूरी तरह अट गया। डीजे की धुनों के बीच वो मारा-वो काटा की गूंज से पूरा क्षेत्र उत्सवमय माहौल में डूबा नजर आया। सूर्योदय के साथ ही हर उम्र के लोग पतंग और मांझा लेकर छतों पर चढ़ गए और देर शाम तक पतंगबाजी का आनंद लिया। पर्व के अवसर पर आयोजित पतंग महोत्सव में स्थानीय लोगों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। मध्यम गति से चल रही हवा ने पतंगबाजों के उत्साह को और बढ़ा दिया। मकर संक्रांति के मौके पर अलसुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन कर दान-पुण्य करते नजर आए। कई लोगों ने गौशालाओं में पहुंचकर गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया। वहीं होटल हेरिटेज, राधिका हवेली और सिंहासन हवेली में आयोजित पतंग महोत्सव में स्थानीय, जयपुर से आए पतंगबाजों के साथ विदेशी पर्यटकों ने भी जमकर पतंग उड़ाई। विदेशी सैलानी मीगेल ने कहा कि भारत सचमुच पर्वों का देश है। यहां त्योहार मनाने की परंपरा बेहद खास और रंगीन है। मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने का अनुभव उनके लिए यादगार रहा। इस दौरान मदन ढाका, महेश दुगोलिया, अरविंद भूकान, विद्याधर सैनी, जवाहर काला, शंकर सुरोलिया, सजन शर्मा दिनवावाले, विष्णु दुगोलिया, विश्वनाथ बारी, किशोर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे। उधर जिला प्रशासन ने आमजन से चाइनीज मांझे का उपयोग नहीं करने की अपील की है। सुबह जहां आसमान कोहरे के आगोश में रहा, वहीं दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हुआ और लोगों ने छतों पर डीजे की धुनों पर पतंगबाजी के साथ मकर संक्रांति के पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर के भाजपा जनसंवाद कार्यालय में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक में विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बैठक में संगठनात्मक मजबूती, मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं बूथ स्तर पर प्रभावी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत बनाने में स्वदेशी अपनाओ अभियान में भागीदारी निभानी चाहिए। जब क्षेत्र का व्यापारी मजबूत होगा तो क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की की मजबुत कड़ी होती है।

कार्यकर्ता अपने-अपने बुथों पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्यता ग्रहण करवाएं। पार्टी को मजबूत बनाने में अंतिम छोर पर बैठे कार्यकर्ता के महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को संगठित होकर पार्टी की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए तथा पार्टी के लिए बेहतर कार्य करना चाहिए। इस दौरान विधायक गुर्जर ने बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की गतिविधियों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की ओर से विधायक गुर्जर का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

इस मौके पर कैलाश स्वामी, गजेन्द्र जलंद्रा, प्रताप अधाणा, बबलू अवाना, रोहितास गुर्जर, राजवीर, विश्वंभर नालपुरिया, महिपाल दौराता, सतीश खारड़िया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिसर के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिवार के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें चिकित्सकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित लगभग दो हजार से अधिक लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। सुंदरकांड पाठ के अवसर पर हनुमान मंदिर को पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया। संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ में सहभागिता की, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान कर्मचारी संघ के महासचिव राहुल अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन संस्थान में प्रतिवर्ष परंपरागत रूप से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जाता है, जिसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहता है। आयोजन के माध्यम से आपसी सौहार्द, समरसता एवं धार्मिक भावना का सशक्त संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, संयुक्त निदेशक जे.पी. शर्मा, उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष तरुण निमिवाल, महासचिव राहुल अग्रवाल सहित संघ के सदस्य सीताराम शर्मा, सुभाष डांगी, कृष्ण गोपाल, अरविन्द, केशव, मंजीत, लेखराज, आशीष, मुकेश, नितिन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर जमकर दिया दान



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के चनाना गाँव में बीएसएनएल के टॉवर के पास स्थित श्री जुगलदास गौशाला में मकर संक्रांति के अवसर पर गौभक्तों ने गौशाला में जमकर दान दक्षिणा में गोवंश के खाने के लिए अनेक वस्तुए दी। चनाना व आस पास के सभी ग्रामीणों ने जमकर सामग्री भेंट की। बुधवार को पूरे दिन गोभक्तों का मेला सा लगा रहा और सभी ने मन खोल के गोवंश के खाने की सामग्री उपलब्ध कराई सभी ने आने वाले गोभक्तों ने लाखों की संख्या में नकदी भी दान दिया। बालमुकंद स्वामी झुंझुनू, रोहिताश पारीक घरडाना खुर्द, प्रताप चंद स्वामी चनाना, पंकज मित्तल चनाना, अनिल धींवा, हीरालाल नेहरा, नरोतम गजराज, वीरसिंह, मानसिंह धींवा निवासी चनाना ने दलिया बनवाकर गौ माताओं को खिलाकर पुण्य कमाया। इस दौरान चरण सिंह धींवा, राजकुमार नेहरा, दलीप सिंह नेहरा, संजय धींवा, प्रताप स्वामी, प्यारेलाल धींवा, हरिसिंह कुमावत, महावीर प्रसाद जांगीड़, रोहित नेहरा, मदन डिग्रवाल, जयनारायण धींवा, मानसिंह कसवां, ओमप्रकाश जांगिड़, जगदीश ताखर, हवासिंह, रामस्वरूप नेहरा, विनोद धींवा, महेंद्र धींवा, धर्मवीर नेहरा, वकील धींवा व आस पास से आए हुए अनेक दानी गोभक्त मौजूद रहे।

# आरपीएससी की डिप्टी कमांडेंट भर्ती पर संकट के बादल

## जिस केटेगरी में वैकेंसी ही नहीं, भरे फॉर्म और दिया एग्जाम; पद खाली रहने के आसार

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से डिप्टी कमांडेंट (गृह रक्षा विभाग) की भर्ती पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। आयोग ने 4 पदों के लिए भर्ती निकाली थी, जिसमें ओबीसी और एसटी के 1-1 और एससी के दो पद थे। इस भर्ती के लिए आर्मी का एक्स कैप्टन होना जरूरी था। इसके बावजूद बिना योग्यता फॉर्म भर दिए गए। एक्स सर्विस मैन वर्ग के जिन 34 लोगों ने आवेदन किए, वे भी एक्स आर्मी कैप्टन हैं या नहीं, एग्जाम भी देने आए या नहीं, इस पर फिलहाल तस्वीर साफ नहीं है। वहीं, करीब 4 हजार से ज्यादा ऐसे अभ्यर्थी थे, जिन्होंने न तो फॉर्म विड्रॉ किया और न ही एग्जाम देने गए।

## नि:शुल्क व्हीलचेयर के लिए 15 जनवरी तक कर सकते हैं ऑफलाईन आवेदन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार मांसपेशीय दुर्विकास मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित विशेष योग्यजनों को चलने की क्षमता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए मांसपेशीय दुर्विकास योजना-2024 अंतर्गत नि:शुल्क व्हील चेयर प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत आवेदन हेतु ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी, 2026 निर्धारित की गई है। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मांसपेशीय दुर्विकास योजना-2024 के अन्तर्गत इच्छुक पात्र विशेष योग्यजन 15 जनवरी, 2026 तक ऑफलाइन आवेदन जिला कार्यालय उपनिदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारित विभाग, चूरू में कर सकते हैं। योजनान्तर्गत ऑफलाईन आवेदन हेतु किसी भी प्रकार के मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विषिष्ट विकलांगता पीला अथवा नीला पीला- 40 से 79 प्रतिशत तथा नीला - 80 अथवा 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र धारक विशेष योग्यजन पात्र हैं। आवेदक के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया राजस्थान राज्य का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र व आधार कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मांसपेशीय दुर्विकास योजना-2024 के आवेदन की संपूर्ण प्रक्रिया ऑफलाईन है। इच्छुक पात्र विशेष योग्यजन निर्धारित समयावधि में ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित जानकारी एवं दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## घुमन्तु समुदाय के लिए 31 तक विशेष सहायता शिविर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उप निदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु के विकास के लिए इनके लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे घुमन्तु पहचान प्रमाण-पत्र, वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड आदि बनाने एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए जिलें में 31 जनवरी 2026 तक विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु सहायता शिविरों का आयोजन करवाया जा रहा है। इसके लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को शिविर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### इस्तेहार हर खास व आम

**न्यायालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, झुन्झुनू ( राजस्थान )**
**पीठासीन अधिकारी दीपा गुर्जर, जिला न्यायाधीश संवर्ग ( RJS )**
**सिविल विधिक प्रकरण ( उत्तराधिकार ) संख्या - 53/2025**

1. राकेश कुमार पुत्र श्री धर्मपाल, उम्र 30 वर्ष, जाति मेघवाल, निवासी ग्राम रघुनाथपुरा, तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुन्झुनू (राजस्थान)
2. श्री धर्मपाल पुत्र श्री नागरमल, उम्र 59 वर्ष, जाति मेघवाल, निवासी ग्राम रघुनाथपुरा, तहसील उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू (राजस्थान)

- *प्रार्थिया/आवेदिका*

**बनाम**

1. पंजाब नेशनल बैंक, शाखा उदयपुवाटी, जिला झुन्झुनू राजस्थान।
2. हर आम व खास

- *अप्रार्थीगण/अनावेदकगण*

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

**सार्वजनिक सूचना**

उपरोक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी नं 1 की माता व प्रार्थी नं 2 की पत्नी सुशीला की मृत्यु दिनांक 18.04.2025 को हो चुकी है। प्रार्थी नं. 1 की माता व प्रार्थी नं. 2 की पत्नी सुशीला के एम.ए.सी.टी. कोर्ट द्वारा जारी एफ.डी. हेतु राशि 5,00,000 रूपये अक्षरे पांच लाख रूपये मय ब्याज प्राप्त करने हेतु प्रार्थीया प्रार्थीगण को अपने हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए एवं उतराधिकारी घोषित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जो उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अधिकारी है। अत: हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी को कोई आपत्ति या एतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 21/01/26 को उपस्थित होकर ऐतराज प्रस्तुत करे अन्यथा प्रार्थीगण के पक्ष में उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा और एतराज समाहत नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24/12/25 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी किया गया है।

**न्यायालय के आदेश से**
**मुंसरिम, जिला एवं सत्र न्यायालय झुन्झुनू**

**संख्यांक-6**
**न्यायालय जिला कलेक्टर महोदय,**
**झुन्झुनू**

**अतुल गाडिया** **बनाम** **दीपेश वगैरह**

**प्रेषित:-**
**1. दीपेश पुत्र सुभाष**
**2. निकिता कुमावत पुत्री सुभाष**

जाति कुमावत निवासीगण टैगोर स्कुल के सामने, शिव कॉलोनी झुन्झुनू रोड़ गुढ़ागौड़जी तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनू नाबलिगान जरिये संरक्षक दादी श्रीमती बिमादी देवी पत्नी रिछपाल जाति कुमावत निवासी टैगोर स्कुल के सामने, शिव कॉलोनी, झुन्झुनू रोड़, गुढ़ागौड़जी तहसील गुढागौड़जी जिला झुन्झुनू (राज.) आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में नकल संलग्न है की डिक्री की अपील अपीलांटस द्वारा उपस्थापित की गई है और इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर कर ली गई है। और इस अपील की सुनवाई के लिए समय 10:00 बजे इस न्यायालय द्वारा तारीख 23/1/26 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वंय या आपका प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जायेगी। यह आज तारीख 3348/18-12-25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

**उपखण्ड अधिकारी**
**झुंझुनू ( राज. )**

**न्यायालय जिला न्यायाधीश, झुन्झुनू ( राजस्थान )**
**पीठासीन अधिकारी श्रीमती दीपा गुर्जर ( आर.एच.जे.एस. )**
**( जिला न्यायाधीश संवर्ग )**
**सिविल विधिध प्रकरण संख्या 84/2025**

कमला देवी उम्र 53 साल पत्नि श्री महावीर प्रसाद मीणा निवासी वार्ड नम्बर 14, टोडपुरा, तहसील नवलगढ़ जिला झुन्झुनू। मोबाईल नम्बर 9875269591

. . . . आवेदिका

बनाम

हर आम व खास

. . . . विपक्षी

**आवेदन पत्र बाबत घोषित करवाने संरक्षक**
**अन्तर्गत धारा 7 गार्जियन एण्ड वार्ड्स एक्ट, 1890**

उपरोक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र धारा 7 गार्जियन एण्ड वार्ड्स एक्ट, 1890 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी के नाबालिग पौत्र दिव्यांश उम्र 6 साल पुत्र राजेश निवासी टोडपुरा तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू की वह एकमात्र संरक्षक है तथा उसे संरक्षता प्रमाण पत्र की जरूरत है। इसलिये हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अगर उक्त प्रार्थी के हक दिव्यांश का जायज संरक्षक मानकर संरक्षता प्रमाण पत्र दिये जाने के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो असालतन अथवा वकालतन दिनांक 16/01/26 को अदालत हाजा में हाजिर होकर एतराज करें अन्यथा उपरोक्त प्रार्थी के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा और एतराज समाअत नहीं किया जायेगा। न्यायालय के आदेश से आज दिनांक 24/12/25 को जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेश से**
**मुसंरिम जिला व सत्र न्यायालय, झुन्झुनू ।**

# चौथे दिन भी शिक्षक के ट्रांसफर के खिलाफ धरना जारी

## मकर संक्रांति की छुट्टी में भी विद्यार्थी गणवेश पहन कर पहुंचे

निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** अगवाना खुर्द में भूगोल व्याख्याता अनिल कुमार के ट्रांसफर को लेकर मकर संक्रांति की छुट्टी पर भी विरोध थमा नहीं। बोर्ड परीक्षा नजदीक होने के बावजूद विद्यार्थी और ग्रामीण स्कूल के बाहर कड़कड़ाती ठंड में चौथे दिन भी धरना देकर स्थानांतरण निरस्त करने की मांग करते रहे। शिक्षक अनिल कुमार के ट्रांसफर से नाराज ग्रामीणों ने रविवार की छुट्टी में ही स्कूल के बाहर बैठकर प्रशासन को अल्टीमेटम दिया और लगातार धरना शुरू कर दिया। विरोध लगातार बढ़ता गया और सोमवार को धरना स्थल पर विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती दिखाई दी। सोमवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बसंता देवी, एसीबीईओ अनिल शर्मा, प्रधानाचार्या सैनिकोर और पंचायत प्रतिनिधि चरणसिंह लुणायच मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों व विद्यार्थियों से बात करने की कोशिश की लेकिन कोई सहमति नहीं बनने पर उन्हें लौटना पड़ा। मंगलवार को नए अध्यापक अक्षय के स्कूल पहुंचते ही माहौल बिगड़ गया। विद्यार्थी और ग्रामीण उग्र हो गए और नए शिक्षक को ज्वाइन नहीं करने दिया। प्रशासनिक टीम के मौजूद रहने के बावजूद आंदोलनकारियों का रुख नहीं बदला। शाम लगभग चार बजे सूरजगढ़ एसडीएम दीपक चंदन पहुंचे और विद्यार्थियों से बार-बार समझाइश की। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए पढ़ाई प्रभावित होने की अपील की। एसडीएम ने व्यक्तिगत रूप से जिला कलेक्टर तक मामला पहुंचाने का भरोसा दिया लेकिन आंदोलनकारी अपनी मांग से पीछे नहीं हटे।

ग्रामीणों का कहना है कि बिना कारण बोर्ड परीक्षा के ठीक पहले शिक्षक बदलना छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। धरना स्थल पर विद्यार्थियों और अभिभावकों ने एक सुर में कहा कि वे किसी भी स्थिति में आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। विरोध के चलते भूगोल की पढ़ाई पूरी तरह बंद है और स्टाफ सदस्य स्कूल परिसर में बेकार समय बिताने को मजबूर हैं। लगातार चार दिन से चल रहे धरने ने सरकार की स्कूल सुधार योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ नामांकन बढ़ाने और शिक्षा में नवाचार करने की बात करते हैं दूसरी ओर विद्यार्थियों के विरोध के बावजूद विभागीय चुप्पी-स्थिति ने अभिभावकों को असमंजस में डाल दिया है।




# मकर संक्रांति पर शहरवासियों में दिखा पतंगबाजी को लेकर उत्साह

### वो काटा वो मारा के शोर से गूंजा आसमान

निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** मकर संक्रांति पर बुधवार सुबह से ही लोग छतों पर चढ़ गए और जैसे जैसे सूर्य ऊपर चढ़ता गया वैसे-वैसे आसमान में पतंगों की संख्या भी बढ़ती गई और देखते ही देखते आसमान पूरी तरह रंग बिरंगी पतंगों से छा गया। छतों पर लोग डीजे की धुन पर पतंगबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। पतंगबाजी के बढ़ते प्रचलन में पुरुषों के साथ युवतियां और महिलाएं भी पतंगबाजी का जमकर लुफ्त उठा रही है। चारों ओर वो काटा वो मारा के शोर सुनाई दे रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी का जमकर लुफ्त उठाया। वही आसमान में कटी पतंग भी खूब नजर आ रही थी। वार्ड 16 में पतंगबाजी करने वाली युवती एकता सोनी, रौनक सोनी व दीपिका प्रजापत ने बताया कि सुबह 8 बजे से ही हम पतंगबाजी के लिए छतों पर चढ़ गई थी और शाम तक जमकर पतंगबाजी का लुफ्त उठा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पतंगबाजी का उत्साह है देखने को मिला मेहरासर चाचेरा की वंदना पारीक ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सिर्फ लड़के ही पतंगबाजी करते हैं हम लड़कियां भी जमकर पतंगबाजी का लुफ्त उठा रही है। प्रियांशू सोनू ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व पर हमने पतंगबाजी की तैयारियां पहले दिन ही पूरी कर ली थी और अब जमकर पतंगबाजी का लुफ्त उठा रहे हैं। इसके साथ-साथ ही घरों में तरह-तरह के पकवान भी बनाए गए हैं, पतंगबाजी के साथ-साथ छत के ऊपर ही बने हुए पकवान भी खा रहे थे। इस अवसर पर एकता सोनी ने बताया कि पतंगबाजी का अपना ही एक महत्व होता है, पतंग संदेश देता है कि किसी भी परिस्थिति में हमें गिरना नहीं चाहिए, एक डोर के सहारे हम आसमान की ऊंचाई को छू सकते हैं। वंदना पारीक ने कहा कि सुबह से हम पतंग उड़ा रहे हैं और हमारी काफी पतंग कटी है और हमने काफी पतंग काटी भी है। वही छतों पर जिस और देखो सब पतंगबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। वही पतंगबाजी के लिए शहर में जमकर चाइनीज धागे का उपयोग किया जा रहा है जिसके चलते आसमान में से पक्षियों की संख्या पूरी तरह से गायब नजर आ रही है। प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बाद भी लोग जमकर चाइनीज मांझे का उपयोग करते हुए नजर आए। चाइनीज धागा पक्षियों के साथ-साथ इंसानों के लिए भी जानलेवा साबित होता है। वही पतंगबाजी कर रही शालू, मोनिका और ममता ने बताया कि भले ही हमारे पतंग लगातार कट रहे हैं लेकिन हमने इस बार चाइनीज मांझे का पूरी तरह से बहिष्कार किया है ताकि पक्षी भी आसमान में स्वतंत्र रूप से उड़ सकें। वही मकर संक्रांति के अवसर पर शहर में दान पुण्य का दौर भी जारी रहा। इस अवसर पर खुशबू प्रजापत, तनुजा राजपूत, भव्या राजपूत, लक्ष्मी सोनी, दिव्या प्रजापत, रौनक सैनी, आरुषि चौधरी, पलकु जांगिड़, परी जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में युवतियों ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाया।

# गर्ल्स पावर महिला मंडल ने किया मातृशक्ति का सम्मान



**चिड़ावा (नवयत्न)।** गर्ल्स पॉवर महिला मंडल चिड़ावा द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सर्द मौसम को देखते हुए सम्मान कुशल गृहिणी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विषम परिस्थितियों में भी परिवार का कुशल संचालन करने वाली मातृ शक्ति को सम्मानित करना रहा। मंडल संयोजक एवं बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर व यूथ आइकॉन पूजा शर्मा ने बताया कि समाज की रीढ़ कही जाने वाली महिलाओं के योगदान को सम्मान देना हम सभी का दायित्व है। इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान 30 मातृ शक्तियों को कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक व मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी राजेश दहिया रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबूलाल वर्मा, सर्जन डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी माया भांबू, ख्याति केडिया, अशोक शर्मा, रजत सुरोलिया एवं बृजेश पूनिया उपस्थित रहे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी ज्योति एवं गुनगुन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंडल सदस्य मधु शर्मा, प्रियंका महला, नीरू इंदिरा, सुमन, रजनी, बरखा, गीता, माया, कृष्णा, नीतू, समीना, लाली, सोनू, रानी, बुझी, ऊषा, सुनीता, मीना, शीला, संतोष सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडल सहसंयोजक नेहा सैनी ने अतिथियों, सहयोगकर्ता एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

# ऑपरेशन करवा कर लौटे 10 मरीजों का किया सम्मान



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा 12 जनवरी सोमवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित 55 वें आंखों के नि:शुल्क मोतियाबिंद एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर में चयनित 10 मरीजों के ऑपरेशन करवाकर जयपुर से वापस लौटने पर लायंस क्लब ने उनका हालचाल जाना और स्वागत में सभी को शॉल ओढ़ा कर उनका स्वागत किया। इस कार्य के लिए विशेष सहयोग दिया। दुर्गा प्रसाद गोयल और ललिता गोयल, ऊंझा, गुजरात वालों का रहा। इस मौके पर क्लब के सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, श्रीराम कुमावत, ललित कुमार सैनी और माया सैनी आदि उपस्थित रहे।

# अनुकम्पा नियुक्ति कनिष्ठ लिपिकों की टंकण गति परीक्षा 27 व 28 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों की जनवरी माह में आयोजित होने वाली टंकण गति परीक्षा 27 जनवरी व 28 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान आई.टी.आई. जयपुर रोड सीकर में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि कार्मिक अपना प्रवेश पत्र कलेक्ट्रेट सीकर कमरा नं. 34 में 23 जनवरी तक प्राप्त कर सकते हैं।

# 16 व 17 जनवरी को फुड लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** खाद्य व्यापारियों को फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 और 17 जनवरी को विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के आदेशों की अनुपालना में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ. मित्तल ने बताया कि 16 जनवरी शुक्रवार को बस्सी ब्लॉक स्थित कानोता नगर पालिका तथा दूदू ब्लॉक में जैन ट्रेडिंग कंपनी एचडीएफसी बैंक के पास, मैन अजमेर रोड पर शिविर लगाए जाएंगे। वहीं 17 जनवरी शनिवार को मानसरोवर में एसएफएस चौराहा स्थित ग्रेटर नगर निगम पार्षद कार्यालय तथा मालवीय नगर में गौरव टावर के बाहर फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों का समय प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। इन शिविरों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाकर वितरित किए जाएंगे। साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 तथा नियम एवं विनियम-2011 के प्रावधानों की जानकारी भी दी जाएगी। शिविरों में किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाईए कैटरिंग, फास्ट फूड, चाट, पकौड़ी, फल-सब्जी ठेला एवं स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के ऑनलाइन आवेदन कर तत्काल लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही शिविरों के दौरान एमएफटीएल मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता एवं मिलावट के संबंध में जागरूक किया जाएगा। आमजन को मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच कराने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। डॉ. मित्तल ने बताया कि जिन खाद्य कारोबार कर्ताओं का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपए से कम है, उन्हें फूड रजिस्ट्रेशन जारी किया जाएगा, जिसके लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड की फोटो कॉपी एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। वहीं 12 लाख रुपए से अधिक टर्नओवर वाले कारोबार कर्ताओं को फूड लाइसेंस के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल एवं जीएसटी रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने खाद्य व्यापारियों से अपील की कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यापारी बिना लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री का विक्रय न करे, क्योंकि बिना लाइसेंस खाद्य व्यापार करना गैरकानूनी है और इसके लिए सजा व जुर्माने का प्रावधान है।

# गोवा नेशनल चैंपियनशिप में राजस्थान के पहलवानों का शानदार प्रदर्शन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गोवा में 7 से 12 जनवरी तक आयोजित ऑल इंडिया ट्रेडिशनल रेसलिंग एवं पैंक्रेशन नेशनल चैंपियनशिप में राजस्थान के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। जयपुर, राजस्थान के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों और स्पर्धाओं में पदक जीतकर देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया और थर्ड पोजिशन चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में पहला स्थान मेघालय, दूसरा स्थान कर्नाटक और तीसरा स्थान राजस्थान को प्राप्त हुआ। राजस्थान के खिलाड़ियों के जुझारू और अनुशासित प्रदर्शन ने प्रदेश की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई। ऑल राजस्थान ट्रेडिशनल रेसलिंग एवं पैंक्रेशन फेडरेशन के अध्यक्ष हिम्मत स्वामी एवं सेक्रेटरी आमिर खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि न केवल खिलाडि़यों के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

पदक विजेता खिलाड़ी इस प्रकार रहे

श्रेष्ठ गुप्ता ने 2 स्वर्ण व 1 रजत, रिद्धिमन तिवारी ने 1 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य, मोहित जांगिड़ ने 1 स्वर्ण व 1 रजत, गोनित पारिक ने 1 स्वर्ण, शिवम शर्मा ने 1 रजत व 2 कांस्य, युवराज सिंह ने 2 कांस्य, रचित सरीन ने 3 कांस्य, नेपाल सिंह ने 1 स्वर्ण, सुरेंद्र सिंह ने 1 स्वर्ण व 1 कांस्य, हर्षित जांगिड़ ने 1 स्वर्ण, अभिषेक गजराज ने 1 स्वर्ण व 1 रजत, अनुज मीणा ने 1 रजत, आर्यन सिंह ने 1 रजत, अंकित गजराज ने 1 रजत व 1 कांस्य, अंजलि मालावत ने 1 रजत व 1 कांस्य, सुनैना सिंह ने 1 कांस्य, मोहम्मद सयान ने 1 स्वर्ण, जतिन ने 1 स्वर्ण व 1 कांस्य, गौतम ने 2 रजत तथा रुद्र प्रताप ने 1 कांस्य पदक जीता।

फेडरेशन पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, कोचों एवं सहयोगी स्टाफ को इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाले समय में राजस्थान के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और प्रदेश में कुश्ती व पैंक्रेशन खेलों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।




# गणतंत्र दिवस समारोह पर प्रशस्ति पत्र के लिए 19 तक प्रस्ताव आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के अवसर पर जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को उनकी विशिष्ट सेवाओं एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लिए सदैव की भांति संबंधित विभागों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रपत्र में वांछित समस्त जानकारी अपने जिलाधिकारी की टिप्पणी एवं पुलिस द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र सहित अनिवार्य रूप से 19 जनवरी तक जिला कलेक्टर कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि समय पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रस्तावों अथवा अपूर्ण सूचना के साथ भेजे गए प्रस्तावों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाएगी। निजी संस्थाओं अथवा महानुभावों के प्रस्ताव उसी क्षेत्र में किए गए विशेष कार्य से संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी की अभिशंसा सहित ही प्रस्तुत किए जाएं। संबंधित विभाग की अभिशंसा के अभाव में ऐसे प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# दिनभर चला पतंगबाजी का दौर



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ में मकर संक्रांति के अवसर पर दिनभर दान पुण्य का सिलसिला चला। वहीं इंग्लैंड से भारत घूमने आई महा खान पतंगबाजी देखकर गदगद हो गई। पतंगबाजी करते हुए महा खान ने बताया कि भारत की संस्कृति काफी समृद्ध है और यहां के लोग त्यौंहारों को उत्सव के साथ मनाते हैं, जो मुझे काफी अच्छा लगा। वहीं दोपहर के तीन बजे तक हवा ने पतंगबाजों को निराश किया। लेकिन तीन बजे के बाद हवा चली और आसमान में रंग बिरंगी पतंगे नजर आई और आसमान कलरफुल हो गया। वहीं घरों में लोग गुलगले बड़े और घेवर फिनिए तिल के लड्डुओं का आनंद लेते नजर आए।

# 15 जनवरी तक ऑनलाईन भरें राज्य बीमा पॉलिसियों के स्वत्व प्रपत्र

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत होने वाले राज्यकर्मियों के हित में राज्य बीमा पॉलिसियों के भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक जिनकी जन्म दिनांक 01 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 है उनकी राज्य बीमा पॉलिसी आगामी 01 अप्रैल 2026 को परिपक्व होगी। उन्होंने बताया कि दावों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों को अपनी अंतिम प्रीमियम कटौती दिसम्बर 2025 के वेतन तक करवानी होगी। इसके पश्चात परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी एसएसओ आईडी से न्यू एसआईपीएफपोर्टल पर 01 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 तक आवश्यक रूप से दावा ऑनलाईन सबमिट करना होगा। समय पर आवेदन मिलने पर दावा राशि सीधे कार्मिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि दावा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय कार्मिकों को परिपक्वता स्वत्त्व दावा प्रपत्र के साथ बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल बीमा पॉलिसी, पदस्थापन विवरण, परिशिष्ट क एवं आईएफएमएस/पे मैनेजर वाली बैंक पास बुक या निरस्त चैक की प्रति आवश्यक रूप से अपलोड करनी होगी। सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों व पॉलिसी विस्तार के लिए विशेष प्रावधान विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि राज्य सरकार के जिन चिकित्सा अधिकारियों की सेवानिवृति आयु 60 से बढ़ाकर 62 अथवा 65 वर्ष कर दी गई है उनकी पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वत: ही तदनुसार परिवर्तित हो जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि कोई बीमेदार बीमा नियम, 1998 के नियम 39/2 (1) के तहत अपनी पॉलिसी को एक वर्ष निरंतर जारी रखना चाहता है तो उसे अपनी एसएसओ आईडी पर एक्सटेन्डेड पॉलिसी विकल्प सबमिट करते हुए आहरण एवं वितरण अधिकारी के माध्यम से विकल्प पत्र भरकर बीमा विभाग में भिजवाना होगा।

# डायरेक्ट एजेंट हेतु साक्षात्कार 28 को

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** डाकघर अधीक्षक, चूरू द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के डायरेक्ट एजेंट नियुक्त किए जाने हेतु कमीशन आधारित एजेंट का कार्य करने के इच्छुक आवेदक 28 जनवरी, 2026 को सवेरे 11 बजे तक कार्यालय अधीक्षक डाकघर, चूरू (मुख्य डाकघर परिसर, चूरू) में साक्षात्कार हेतु अपने बायोडाटा, उम्र एवं शिक्षा सम्बंधी दस्तावेज एवं अनुभव आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। डाकघर अधीक्षक ने बताया कि आवेदन के लिए आयु 18 से 50 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना अनिवार्य है। आवेदक बेरोजगार/स्वरोजगार, युवा, पूर्व बीमा सलाहकार, पूर्व बीमा अभिकर्ता, भूतपूर्व सैनिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मण्डल कार्यकर्ता, सेवानिवृत अध्यापक एवं वह व्यक्ति जिसे डाकघर अधीक्षक द्वारा योग्य समझा जाए आदि श्रेणियां निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आवेदक को साक्षात्कार में दिए गए समय व तारीख को आवेदन फॉर्म व आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। इसी के साथ 5000 रुपए की सुरक्षा राशि एनएससी/केवीपी के रूप में भारत के राष्ट्रपति के नाम सुरक्षित रखनी होगी। चयनित अभ्यर्थियों को 03 दिवस की इन हाउस ट्रेनिंग व 03 दिवस की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें उपस्थिति अनिवार्य होगी। 6 दिवस की ट्रेनिंग के पूर्ण होने के पश्चात 03 वर्ष के भीतर लाइसेंसियेट परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा।

# अनोखा जन्मदिवस : बच्छिया गौ माता का मनाया जन्मदिन

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नांगल भीम की आल्हावाली जोहड़ा में स्थित एक अनोखा जन्मदिन मनाया गया जो शायद राजस्थान में पहली बार ही मनाया गया है। मुकेश कुमार सैनी ने बताया कि गत वर्ष 13 जनवरी 2025 अल सुबह 5:30 एक तीन चार दिन की छोटी बछिया पटवारी धर्मशाला के पास अपनी मां से बिछुड़ कर इधर-उधर घूम रही थी तभी वहां चार-पांच स्वान कुत्ते ने उसको नोचने की कोशिश कर रहे थे तभी पत्रकार महेंद्र खड़ोलिया वहां से निकल रहे थे। तभी बछिया को छुड़वाकर गौशाला भेजने की कोशिश कर रहे थे।

पत्रकार खड़ोलिया ने मेरे को फोन कर बछिया को पालने की सलाह दी उसी की उनकी प्रेरणा से उस बछिया को पाल पोस व करीब एक साल बाद में मंगलवार शाम को उनके बड़े ही धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर दानदाताओं ने उनके लिए चारा, पशु आहार एबंता, दलिया आदि उनके लिए भेंट दिए। इस दानदाता की सूची में कैलाश शर्मा चमची वाले ने करीब 35 किलो के लगभग उनका बंटा व सर्दियों में खिलाने के लिए लड्डू एसामग्री दी।



वहीं उनके लिए सर्दियों से बचने के लिए उनके दो कंबल की भी व्यवस्था की गई। इनके लिए दानदाताओं ने उनके लिए खाने के लिए सामग्री दी। इस मौके पर रामचंद्र सैनी, मुकेश कुमार, हेमंत कुमार सैनी, सुरेंद्र गढ़वाल, रामचंद्र सोनी, सुरेंद्र सैनी, टेका पंजाबी, पीरु ट्रेलर, मिंटू ट्रेलर सोहन ट्रैक्टर, राहुल सैनी, राजेश कुमार सैनी, सुभाष चंद्र, नरेंद्र कुमार, महेंद्र खडोलिया सरपंच, प्रतिनिधि राजेश कुमार सैनी सहित ढ़ाणीवासी व आमजन मौजूद था। वही इस अवसर पर मुकेश सैनी ने भोज का भी आयोजन किया गया। इसमें सुरज्ञान कुमावत का भी बहुत बड़ा योगदान रहा बछिया को मोटरसाइकिल पर भरी सर्दी में उनके घर पहुंचा।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190